विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, फायर, डिनर टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाफ बिस्तर, टेबुल कार्नर के थोक, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी साम निष्कलंकेश्वर का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 260 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 20 जून 2024 डाक 21 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

नई दिल्ली में नीट परीक्षा परिणामों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आईएवा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया

देश-विदेश

रोबोट टैक्स से लेकर पीएलआई स्कीम...बजट 2024 पेश करने से पहले इन विषयों पर किया जा रहा विचार

फीचर पेज

सुख-चैन छीन सकती है स्मार्टफोन की लत, शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर



बिहार में रद्द हुआ 65 प्रतिशत आरक्षण कानून नीतीश सरकार को पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका

पटना, 20 जून [एजेंसी]।

पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए आरक्षण कानून में किए गए हालिया संशोधन की संवैधानिक वैधता को खारिज कर दिया है। वहीं सरकार के कानून को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को स्वीकृति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने विगत 11 मार्च को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

याचिका में राज्य सरकार द्वारा 21नवंबर,2023 को पारित कानून को चुनौती दी गई थी, जिसमें एससी, एसटी,ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण दिया गया है,जबकि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मात्र 35 फीसदी ही पदों पर सरकारी सेवा में दिया जा सकता है जिसमें ईडब्ल्यूएस के लिए 10 फ़ीसदी आरक्षण भी शामिल है। वहीं, अधिवक्ता दीनू कुमार ने पिछली सुनवाई में कोर्ट में दलील देते हुए कहा था कि सामान्य वर्ग में ईडब्ल्यूएस के लिए 10 फीसद आरक्षण रद्द करना भारतीय संविधान की धारा 14 और धारा 15(6)(b) के खिलाफ है। उन्होंने बताया था कि जातिगत सर्वेक्षण के बाद जातियों के अनुपातिक आधार पर आरक्षण का ये निर्णय लिया गया है, न कि सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व के आधार पर ये निर्णय लिया गया है।

नीट परीक्षा में गड़बड़ी को सुप्रीम कोर्ट ने फिर मामला गंभीर, लेकिन काउंसलिंग पर रोक नहीं

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट में अनियमितता से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सर्वोच्च अदालत ने देश के अलग-अलग हाई कोर्ट में चल रहे केस को एक ही स्थान पर ट्रांसफर करने की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए। यह याचिकाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों और शिक्षण संस्थानों द्वारा याचिकाओं पर भी सुनवाई की। एक याचिका में काउंसलिंग पर रोक की मांग की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, जिस पर विस्तार से सुनवाई होना चाहिए, जिसके लिए 8 जुलाई की तारीख तय की गई है।

रक्षाबंधन के बाद घाटी में चुनाव का ऐलान संभव

पांच चरणों में होने की उम्मीद, तैयारियां तेज

जम्मू, 20 जून [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। रक्षाबंधन के बाद चुनाव का एलान हो सकता है। प्रस्तावित विधानसभा चुनाव पांच चरणों में कराने की योजना है। 24 जून से प्रदेश के मास्टर ट्रेनर का तीन दिन का प्रशिक्षण नई दिल्ली में आयोजित है। जम्मू-कश्मीर में नवंबर-दिसंबर 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इसके बाद 2015 में पीडीपी-भाजपा गठबंधन की सरकार बनी थी, लेकिन जून 2018 में भाजपा के समर्थन वापस ले लेने से सरकार गिर गई थी। तबसे जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नहीं है। सूत्रों ने बताया कि राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर को दिल्ली में तीन का प्रशिक्षण 24 से 26 जून तक दिया जाएगा। चुनाव आयोग के अधिकारियों व राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण देंगे। इनमें लगभग 25 मास्टर ट्रेनर शामिल होंगे। इन्हें पूरी चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। हालांकि, लोकसभा चुनाव से पहले भी इन्हें प्रशिक्षित किया गया था। वहीं, सूत्रों का कहना है कि रक्षाबंधन के तत्काल बाद चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है।

दलपत सागर में कार डूबने से एनएमडीसी के तीन कर्मचारियों की मौत

जगदलपुर, 20 जून [एजेंसी]।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित दलपत सागर में बुधवार की देर रात हुई कार दुर्घटना में एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार के तीन कर्मचारी की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार देर रात अनियंत्रित कार दलपत सागर में जा घुसी। कार सवार अनुराग मसीह आशीष नगर, रिसाली भिलाई, सोहेल राय 24 परगना, बारासात कलकत्ता, देवीदत्त भनपुरी, रायपुर मारे गए। सभी की उम्र लगभग 35 वर्ष है। देर रात में पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया पर जब तक कार को तालाब से निकाला गया, तब तक कार सवार तीनों युवक मारे जा चुके थे।

दिल्ली में जल संकट के बीच आतिशी ने केजरीवाल से तिहाड़ में की मुलाकात, सीएम ने जेल से दिए ये निर्देश

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

दिल्ली दो समस्याओं का सामना कर रही है। पहली भीषण गर्मी तो दूसरी पानी की किल्लत। राजधानी के लोगों को आखिरी उम्मीद सुप्रीम कोर्ट और हिमाचल प्रदेश से थी। आज उन्हें दोनों जगहों से झटका लगा है।हिमाचल ने कहा कि उनके पास अतिरिक्त पानी नहीं है। इन सबके बीच दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने आबकारी मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी को

अपने से ज्यादा अपने दिल्लीवालों की चिंता है। सबसे पहले उन्होंने बिजली और पानी की सप्लाई के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि जो भी कदम उठाने की जरूरत है, वो उठाए जाएं। उन्होंने सभी विधायकों को निर्देश दिया है कि वो अपने इलाकों में जाकर पानी की समस्या का समाधान करें।

दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी का कहना है कि आज दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वो सारी जानकारी दी है। जो वह साल भर में राष्ट्रीय राजधानी में पानी की बर्बादी को कम करने और कुशल जल वितरण के संबंध में कर रही है और यह भी बताया है कि इस जल संकट के बीच हम क्या कर रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा के 10 हजार किसानों के लिए खुशखबरी, मिलेगा 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेस-वे व जेपी इन्फ्राटेक को दी गई एलएफडी (लैंड फार डेवेलपमेंट)की 2500 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण से प्रभावित 10 हजार किसानों को दीपावली से पहले 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि का वितरण हो जाएगा। राशि वितरण के लिए सुरक्षा रियल्टी यमुना प्राधिकरण को 30 सितंबर तक 490 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। जो किसानों को वितरण होने वाली राशि का 29 प्रतिशत है। 21 प्रतिशत राशि 355 करोड़ यमुना प्राधिकरण अपने खजाने से खर्च करेगा। प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। एनसीएलएटी ने जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण कर चुकी सुरक्षा रियल्टी को आदेश दिया था कि वह जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि वितरण के लिए यमुना प्राधिकरण को 1334.31 करोड़ रुपये का भुगतान करे।

तीन मंजिला भवन में लगी भीषण आग, बाहर नहीं निकल पाए पिता और दो बच्चे जल गए जिंदा

ग्वालियर 20 जून [एजेंसी]।

ग्वालियर के बहोड़ापुर क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की रात तीन मंजिला भवन में आग लग गई। आग लगने के दौरान पिता व दो बच्चों की मौत हो गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया। पता चला है कि बाहर जाने का एक रास्ता बंद था, जबकि दूसरा रास्ता आग की लपटों से घिरा था।

घटनाक्रम के मुताबिक बहोड़ापुर क्षेत्र की तीन मंजिला भवन में रात में अचानक लगी तो भवन में भगदड़ का माहौल बन गया। हालांकि पूरे भवन से सभी लोग बाहर निकल गए। लेकिन पिता व दो बच्चे भवन से निकल नहीं पाए। जिससे उनकी मौत हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस व फायरब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू किया। सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर पुलिस प्रशासन के अफसर पहुंच गए हैं।

पुलिस के अनुसार मृतकों में एक व्यापारी और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। आग लगने की घटना देर रात लगभग दो बजे के आसपास की है। घटना बहोड़ापुर इलाके में संत कृपाल सिंह के आश्रम के सामने वाली गली की है। यहां विजय गुप्ता का परिवार का ड्राई फ्रूट का कारोबार करता है। घर मे नीचे मेवे का गोदाम है, जबकि उसी भवन की ऊपरी मंजिल पर गुप्ता परिवार रहता था। मकान से बाहर आने का एक रास्ता बंद था और दूसरे रास्ते में आग की लपटें उठ रही थी। इसलिए पिता व बेटियां इस रास्ते से बाहर नहीं आई। इसी दौरान वे आग की चपेट में आ गए और उनकी जिंदा जलने से मौत हो गई।

यूपी, गुजरात, छत्तीसगढ़ समेत 10 से अधिक राज्यों में बारिश के आसार

नई दिल्ली। भीषण गर्मी से जूझ रहे राज्यों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग ने ताजा सैटेलाइट इमेज साझा कर बताया कि गुरुवार को कहां-कहां बारिश हो सकती है।आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी विदर्भ, पूर्वी तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, दक्षिण गुजरात, उत्तरी कोंकण, गोवा और कर्नाटक में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

सीएम विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी

रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी। सीएम साय ने x पोस्ट में

लिखा, जनजातीय समाज की गौरव, सादगी एवं सरलता की प्रतीक, देश की महामहिम राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सहयोगी दल ने बढ़ाई बीजेपी की टेंशन, कर दी 100 सीटों की मांग

मुंबई, 20 जून [एजेंसी]।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले महायुति गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बयानबाजी शुरू हो चुकी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि उनकी पार्टी को महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से कम से कम 100 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। शिवसेना, महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा भी शामिल है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य के पूर्व मंत्री रामदास कदम

ने शिंदे द्वारा अविभाजित शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में बुधवार को कहा, हमें चुनाव लड़ने के लिए 100 सीटें मिलनी चाहिए और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम उसमें से 90 सीटें जीतेंगे। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बाद में कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और राज्य चुनाव में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि, सीट-बंटवारे के फॉर्मूले को तीनों दलों के नेताओं के मिलने और चर्चा के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति ने राज्य की 48 में से 17 सीटें जीतीं। बीजेपी ने 9, शिवसेना ने 7 और एनसीपी ने 1 सीट जीती। विपक्षी महा विकास अघाड़ी, जिसमें कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, ने 30 सीटें हासिल कीं।

आमिर खाने के बेटे जुनैद की फिल्म महाराज का उज्जैन में विरोध, 150 साल पुराने कोर्ट केस पर बनी है

उज्जैन, 20 जून [एजेंसी]।

ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म महाराज के विरोध में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल एवं युवा मंडल द्वारा उज्जैन के खारकुआं थाने पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। दीपक राजवानी ने बताया कि ओटीटी चैनल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म महाराज में सनातन धर्म और उसके समावेशी भगवान विष्णु के अनुयायी वैष्णववाद के आचार्य श्री के साथ ही, सनातन हिंदू धर्म के वैष्णववाद एवं युवाओं की

भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है।

अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान का इस फिल्म से डेब्यू होने वाला है। विरोध करने वालों ने कहा, यह फिल्म वैदिक सनातन हिंदू धर्म को भटकाने और हिंदू धर्म के धर्म गुरुओं को खलनायक के रूप में चित्रित करने की मानसिकता से बनाई गई है। इस फिल्म में भगवान श्री कृष्ण पर भी अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। फिल्म में हिंदू धर्मगुरुओं व सनातन हिंदू धर्म को कलंकित करने का प्रयास किया गया है।

बीआरएस विधायक महिपाल रेड्डी-उनके भाई के परिसरों में ईडी की छापेमारी

हैदराबाद 20 जून। निदेशालय ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के लिए गुरुवार को तेलंगाना बीआरएस विधायक महिपाल रेड्डी और उनके भाई मधुसूदन रेड्डी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। महिपाल रेड्डी राज्य विधानसभा में पाटनचेरु क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूत्रों ने बताया कि लगभग सात-आठ परिसरों की तलाशी ली जा रही है। बता दें कि मधुसूदन रेड्डी को पुलिस ने मार्च में गिरफ्तार किया था।

पहाड़ी कोरवाओं की बस्ती को तहस-नहस किया हाथियों ने, अनाज भी नहीं छोड़ा

अंबिकापुर, 20 जून [एजेंसी]।

सरगुजा और रायगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में जंगे हाथियों के दल ने रात मैनपाट वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत उड़मकेला के आश्रित गांव मोहनाडीहारी को तबाह कर दिया। पहाड़ी कोरवाओं की इस बस्ती में रात 10 बजे घुसे हाथियों ने एक-एक कर लगभग 10 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह पांच बजे तक हाथी बस्ती में ही विचरण करते रहे। सारी रात आबादी क्षेत्र में विचरण करने के बाद भोर में हाथी नजदीक के जंगल में चले गए। सुबह जब प्रभावित परिवारों के लोग वापस अपने-अपने घरों में पहुंचे तो कुछ भी नहीं बचा था।घर में रखे अनाज खाने के साथ हाथियों ने घरेलू उपयोग के सारे सामान भी नष्ट कर दिए थे। प्रभावित परिवारों के समक्ष अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि शाम से ही हाथी आबादी क्षेत्र के आसपास विचरण कर रहे थे। रात लगभग 10 बजे जब हाथी बस्ती की ओर आने लगे तो लोगों ने घर खाली कर दिया। रात में प्रभावित परिवारों के लिए शासकीय छात्रावास में व्यवस्था की गई थी। वन विभाग के कर्मचारी हाथियों की निगरानी में लगे हुए थे। बताते चलें कि जंगल में चारा- पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण ही हाथियों का प्रवेश लगातार आबादी क्षेत्र में हो रहा है। प्रभावित परिवार के सदस्य क्षतिग्रस्त मकानों के आसपास प्रशासनिक मदद की आस लिए पड़े हुए हैं. हाथियों का दल अभी भी नजदीक के जंगल में ही है. वन कर्मचारियों द्वारा क्षति का आकलन किया जा रहा है। अतिशीघ्र मुआवजा दिए जाने का आश्वासन प्रभावित परिवारों को दिया जा रहा है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

नारायणपुर में सुरक्षा बल को फिर मिली बड़ी सफलता, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

नारायणपुर, 20 जून [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बल को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बल ने कावानार के जंगलों में विस्फोटक सामग्री के साथ अन्य सामान बरामद किया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से एकत्रित कर रखा था जिसे सुरक्षा बलों ने बरामद कर नक्सलियों के मंसूबों को विफल कर दिया। सुरक्षा बल को 11 नग कूकर, 2 प्लास्टिक ड्रम, 1 नग स्टील ड्रम, बिजली वायर, फटाका, डेटोनेटर, कोडेक्स वायर, बैटरी सेल, इनवर्टर, बर्तन, नक्सली बैनर एवं भारी मात्रा में अन्य नक्सली दैनिक सामग्री मिला।

विधायक कटघोरा पटेल की उपस्थिति में एनीमिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता आवश्यक : प्रेमचंद पटेल

कोरबा । राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सिकल सेल बीमारी के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती रीना अजय जायसवाल, सभापति नगर निगम श्री श्यामसुंदर सोनी, श्री हितानंद अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। सभी के सहयोग से ही इस बीमारी को समाज से पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। इस हेतु समाज के सभी वर्ग के लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। समाज जितनी जल्दी इस अनुवांशिक बीमारी के प्रति जागरूक होगा उतनी जल्दी इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकेगा। श्री पटेल ने कहा कि हमारे समाज के कुछ समुदाय के लोग इस बीमारी से अधिक पीड़ित है। उन समुदायों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता लाना बहुत आवश्यक है। साथ ही हमारा जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। दूरस्थ वनांचलों पहाड़ी क्षेत्रों में बसे आदिवासी इलाकों में इस वंशानुगत बीमारी की लोगों को अधिक जानकारी भी नहीं होती, जिसकी वजह से इनके बच्चे भी इस रोग से ग्रसित हो जाते है। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोग की इसी श्रृंखला को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो का स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को हमे समय रहते हासिल करना है। इसमें आप सभी अपनी सहभागिता निभाएं।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है जिसमें पीड़ित के शरीर मे लाल रक्त कोशिकाओं की कमी की समस्या होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल विशेषता वाले व्यक्तियों की पहचान करके उनकी अगली पीढ़ी में बीमारी के हस्तांतरण को रोकना है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आमजनों को एनीमिया के बारे में जानकारी देते हुए रोग के प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इस हेतु लक्षणग्रस्त व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न समुदायों में इस रोग से बचाव हेतु जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आमजनो से इस बीमारी को गम्भीरता से लेने एवं इसका सही उपचार कराने का आग्रह किया है।

47 हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड किया गया प्रदान

कार्यक्रम स्थल पर सिकल सेल जांच शिविर आयोजन किया गया था। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने निःशुल्क सिकल सेल जांच कराया। कार्यक्रम में विधायक श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा चिन्हाकित 47 हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया गया। जिसका इस्तेमाल उपचार के लिए किया जा सकता है।

प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना,

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन हेतु किया जाएगा व्यापक प्रचार प्रसार

इस दौरान सिकल सेल बीमारी की रोकथाम और बचाव के व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु जिला कार्यालय परिसर से विधायक कटघोरा श्री पटेल, कलेक्टर श्री वसंत सहित अन्य अतिथियों द्वारा सिकल सेल जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ आगामी 03 जुलाई 2024 तक जिले के सभी विकासखण्डों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सिकल सेल बीमारी के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही सिकल सेल बीमारी का निःशुल्क जांच और इलाज शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। सिकल सेल के लक्षण और उसके प्रभाव के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही आमजनों में शादी से पहले वर-वधु का सिकलिंग जांच/ सिकल सेल टेस्ट कराने हेतु भी जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा, जिससे इस खतरनाक बीमारी से खुद को बचाया जाए तथा होने वाली संतान को इस रोग से बचाया जा सके। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी. पी. उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों में सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह अभियान जिले में 03 जुलाई तक आयोजित होगा।

सिकल सेल के लक्षण ग्रस्त व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर सिकल सेल की निःशुल्क जांच करा सकते है। साथ ही 0 से 40 वर्ष के उम्र के सभी लोग सिकल सेल की निशुल्क स्क्रीनिंग करा सकते हैं। इसका उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, इरकॉन, परिवहन, यातायात सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारिश से पूर्व सड़कों के गड्ढों का भराव, आवश्यक मरम्मत, यथा स्थान संकेतक, ब्लिंकर अनिवार्य रूप से लगाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ब्लैक स्पॉट स्थानों पर होने वाली सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन स्थानों पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, स्पीड लिमिट बोर्ड, रंबल स्ट्रीप, कैमरा, रोड मार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस हेतु यातायात, परिवहन, एनएचपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, विभागों को संयुक्त टीम बनाकर सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों का निरीक्षण करने एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को सर्वमंगला-इमली छापर मार्ग में अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने एवं उरगा से भैंसमा मार्ग में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरदीबाजार-सरईसिंगार सहित एसईसीएल से संबंधित सभी सड़कों में बारिश से पूर्व गड्ढों का भराव और मरम्मत योग्य स्थानों में अनिवार्य रूप से मरम्मत कराने की हिदायत दी। जिससे बारिश के समय इन सड़कों में आवागमन सुगम बना रहे। साथ ही एसईसीएल खदान क्षेत्र की सड़कों से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश भी दिए। साथ ही बिना हेलमेट पहने, बिना सीट बेल्ट लगाए, ओवर स्पीडींग करने वाले चालकों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में यातायात जागरूकता के तहत विविध कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करने की बात कही। जिसके अंतर्गत नेत्र परीक्षण शिविर, वाहनों में रेडियम पट्टी लगाने, जनजागरूकता रैली सहित अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रम क्षेत्रों एसईसीएल, एनटीपीसी, बाल्को, लैंको क्षेत्रों में शिविर लगाकर ट्रक, ट्रेलर जैसे भारी वाहन चालकों के अनिवार्य रूप से नेत्र परीक्षण करने के निर्देश दिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत 21 जून तक रहेंगे कोरबा प्रवास पर

कोरबा । नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत 21 जून तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। प्रातः 11 बजे वे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात 20 जून को प्रातः 10 बजे उरगा (सलिहा भाठा) हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10:30 बजे उरगा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात करेंगे। प्रातः 11 बजे उरगा से भैंसमा हेतु प्रस्थान, 11:30 बजे भैंसमा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 12:30 बजे भैंसमा से नोनबिर्रा हेतु प्रस्थान, 01:30 नोनबिर्रा रेस्टहाउस आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 02:30 बजे नोनबिर्रा से ग्राम घिनारा हेतु प्रस्थान, 03 बजे घिनारा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 04 बजे घिनारा से कोरबा प्रस्थान, 05 बजे कोरबा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 06 बजे टी. पी. नगर कोरबा के जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात तथा 07:30 बजे रात्रि विश्राम करेंगे। 21 जून प्रातः 11 बजे कोरबा से रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगे, दोपहर 03 बजे निज निवास देवेन्द्र नगर रायपुर पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की जारी

कोरबा । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने एवं कृषकों को ऑनलाईन अभिभाषण कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त के तहत 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि सौगात के रूप में सीधे कृषकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अंतरित किया गया। कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखी का प्रमाणीकरण कर इस योजना का क्रियान्वयन निम्नवर्गीय कृषकों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। अब तक लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3.03 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। जिससे महिला कृषकों को अपनी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की आवष्यकता नहीं पड़ रही एवं वे आर्थिक रूप से उन्नत हो रहे हैं।योजना के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हे लखपति बनाना जैसी अनेक योजनाओं का संचालन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किया जा रहा है तथा उनके द्वारा किये गये प्रयास कृषि के क्षेत्र में सराहनीय है, जिसका लाभ वर्तमान में किसानों को मिल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री प्रेमचंद्र पटेल के मुख्य अतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र, कटघोरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस. के. उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री ओ.पी. डिक्सेना विधायक प्रतिनिधि कटघोरा, श्री राजेंद्र टंडन, कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री डी.पी.एस. कंवर, श्री एम.पी.सिंह, एस.ए.डी.ओ. एवं अन्य विभागीय अधिकारी, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कटघोरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. विद्याविनि थवा कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, कटघोरा के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

अमृत सरोवर स्थलों पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का होगा आयोजन

स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण करेंगे योगाभ्यास

कोरबा । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों में बनाए गए अमृत सरोवर स्थलों पर 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों, हितग्राहियों आदि के द्वारा योगाभ्यास किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर के तटों एवं परिसर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु सीईओ जनपद पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देशित किया गया है।

सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि अमृत सरोवर स्थलों पर स्थानीय समुदाय आमजन, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राहियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान संबंधित क्रिया शामिल हैं। इसके साथ ही योग के लाभों और स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने के महत्व पर संगोष्ठी/परिचर्चा आयोजित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 105 अमृत सरोवर का निर्माण किया जा चुका है। इन अमृत सरोवरों के तट या स्थल पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रामीणों, कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा योगाभ्यास, योगासन किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को योग दिवस संबंधी गतिविधियों के विषय में जानकारी दी जा रही है तथा ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर संगोष्ठी की तैयारियां की जा रहीं हैं। योगाभ्यास कार्यक्रम में शारीरिक व मानसिक विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों की सहभागिता हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम का होगा आयोजन

कोरबा । 21 जून 2024 को जिले में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में प्रातः 07 से 08 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए प्राप्त दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई को नोडल अधिकारी एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु मुख्य मंच, टेण्ट, गेट, कुर्सी, गद्दा, ध्वनि एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर निगम कोरबा को सौंपा गया है। इसी प्रकार पेयजल की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी। अतिथि आमंत्रण एवं आमंत्रण पत्र का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी को दी गई है। मंच संचालन एवं योग प्रशिक्षक की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। सहभागियों की उपस्थिति जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा, समाज कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, नेहरू युवा केंद्र, उप संचालक पंचायत, साक्षरता को दिया गया है। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था व पुलिस लाइन के जवानों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग हेतु उपस्थित कराने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक कोरबा को दी गई है। वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था सहायक आयुक्त आबकारी कोरबा तथा पुष्प गुच्छ एवं पुष्पमाला की व्यवस्था सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा की जाएगी। प्रचार-प्रसार, मीडिया कव्हरेज का दायित्व उप संचालक जनसंपर्क विभाग को सौंपा गया है। कार्यक्रम में स्काउट गाइड एवं राजकीय गान की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी। फलैक्स एवं बेनर, दिव्यांगजनों को योग प्रदर्शन कराने, स्वयं सेवी संस्था को योग में भाग लेने, वृद्धाश्रम में योग, तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों की भी योग प्रदर्शन में उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं प्रतिभागियों हेतु लोवर-टीशर्ट व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिया गया है। प्रत्येक विकासखण्ड एवं सभी ग्राम पंचायतों में योग-प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराने हेतु सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है। इसी प्रकार सभी नगरीय निकाय मुख्यालय में योग प्रदर्शन कराने एवं सभी सार्वजनिक उपक्रमों के मुख्यालयों पर भी अनिवार्य रूप से योग प्रदर्शन कराने हेतु सर्व सीएमओ नगरीय निकाय को दायित्व सौंपा गया है।कार्यक्रम में होम गार्डस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सैनिक जवानों को योग प्रदर्शन कराने हेतु पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक, कमाण्डेण्ट व जिला सेनानी को, आश्रम एवं छात्रावास में योग प्रदर्शन कराने के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, सभी सार्वजनिक उपक्रमों में योग प्रदर्शन कराना, जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में सी.एस.ई.बी कर्मियों को भाग लेने हेतु प्रेरित किए जाने के लिए उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा कोरबा, जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में योग अभ्यास तथा बाल गृहों में योग प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का योग प्रदर्शन कराना एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिति सुसुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सभी विभाग प्रमुखों को सौंपा गया है। जिले में आयुष एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पांच दिवसीय योग प्रदर्शन का दायित्व जिला आयुर्वेद अधिकारी कोरबा को सौंपा गया है।

आयुक्त ने सहायक अभियंता व उपअभियंता को किया निलंबित

कोरबा । नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने रिश्वत लेने के कथित आरोपी निगम के सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर एवं उप अभियंता देवेंद्र स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के दर्रो जोन कार्यालय में पदस्थ उप अभियंता देवेंद्र स्वर्णकार को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा रंगे पकड़ा है, वहीं सहायक अभियंता श्री सोनकर की उक्त प्रकरण में संलिप्तता का आरोप हैं, परिणाम स्वरूप उक्त दोनों अभियंताओं को नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई निलंबित कर दिया हैं।

टीएलएम आधारित पुस्तक से छात्रों के सीखने को बेहतर बना सकेंगे शिक्षक

कोरबा । छात्रों के सीखने को सुविधाजनक बनाने टीएलएम आधारित पुस्तक का शिक्षक-शिक्षिकाएं उपयोग कर पाएंगे। कोरबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों से पहुंचे शिक्षकों की उपस्थिति में ड्राइट रायपुर में समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश, प्राचार्य बी.एल. देवांगन ने टीएलएम आधारित पुस्तक का विमोचन किया।

टीएलएम का तात्पर्य उस सामग्री या संसाधन से है, जिसका उपयोग शिक्षक छात्रों को पढ़ाने और शिक्षा गुणवत्ता को मजबूत बनाने में करते हैं। साथ ही मौखिक पाठ की बजाय आज तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर भी जोर दिया है। इस शिक्षा में बदलाव का अभिनव प्रयास बताया। साथ ही अतिथियों ने यह भी कहा कि छात्रों का तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाना जरूरी है। टीएलएम आधारित पुस्तक से शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर टीएलएम आधारित पुस्तक के संपादन कार्य में मुख्य भूमिका निभाने चाली के. शारदा, सह संपादक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत हेतु विविध बैठक का किया गया आयोजन

कोरबा । नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई 2024 को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा। श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदान किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में श्री खगेश कुमार साहू, शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंडिया कंपनी कोरबा, श्री के.सी. सुनील कुमार ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी, श्री प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आर.एन राठौर, श्री एस.के. मोदी, श्री अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री सुनील यादव, श्री सी.बी. राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित थे।

न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय कोरबा के वीडियो कॉन्फेसिंग कक्ष में रखा गया। जिसमें बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से उन्हें जोड़ा गया। सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने, प्रत्येक प्रकरणों में नोटिस/समंस जारी किए जाने एवं प्रत्येक प्रकरणों में यथासंभव प्रीसिंटिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा श्रीमती गरिमा शर्मा, श्रीमती अश्वनी चर्तुवेदी, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौमा प्रताप चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो श्री मंजीत जांगड़े, एवं श्रीमती ऋत्रा यादव उपस्थित थी।

संत कबीर जयंती के दिन परीक्षा, नेता प्रतिपक्ष महंत ने जताया विरोध

कोरबा । प्रदेश में संत कबीर जयंती 22 जून को मनाई जाएगी। यह दिन कबीर पंथियों के लिए बेहद खास होता है। सुंदरलाल शर्मा यूनिवर्सिटी ने इस दिन परीक्षा का आयोजन के सदस्यों को दे दी गई है। हालांकि इसमें किया हैं। जिसको लेकर यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान इस दिन छुट्टी होती थी, लेकिन इस बार यूनिवर्सिटी खुला रहेगा और प्रोफेसर और छात्र इस दिन यूनिवर्सिटी और कॉलेज आएंगे। इसमें कहा गया है कि बैठक 11 बजे से इस फैसले को लेकर महंत समाज में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार 22 जून को परीक्षा का शेड्यूल पंडित होगी। इस बैठक में बीएमएस के के. सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर ने जारी किया है। यह टाइमटेबल काफी पहले जारी किया गया था। जिसके तहत बीए, बीएससी, बीकॉम में आधार पाठयक्रमों की परीक्षा का आयोजन किया गया है। 22 जून को यह परीक्षा होनी है। इस परीक्षा में हजारों की तादाद में विद्यार्थी शामिल होते हैं।

एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 जून को होंगी कोलकाता में

कोरबा । कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 जून को कोलकाता में होगी। इसके संभावित एजेंडे की जानकारी कमेटी इंटक के प्रतिनिधि को फिर जगह नहीं मिली है। महाप्रबंधक (पीएंड आईआर) गौतम बनर्जी ने इसकी जानकारी दी है। कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में इस बैठक में बीएमएस के के. शरदा, सह संपादक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित अन्य इसमें नहीं बुलाया गया है।

प्रवेश के लिए चक्कर काट रहे अंग्रेजी माध्यम से 8 वीं पास बच्चे

डभरा। ब्लाक मुख्यालय डभरा में अंग्रेजी माध्यम में संचालित शासकीय मिडिल स्कूल के 8 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। यहां के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 9 वीं कक्षा में कुल 50 सीटें है और सभी सीटे इसी स्कूल के आठवीं के विद्यार्थियों के प्रवेश लेने से भर गई है। ऐसे में सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले शासकीय मिडिल स्कूल के विद्यार्थी प्रवेश के लिए चक्कर काट रहे हैं।

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में सभी ब्लाकों में एक प्राइमरी व एक मिडिल स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में संचाल त करने के लिए चयन किया गया था। यहां सीबीएसई का पाठ्यक्रम लागू किया गया। स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता भी दिलाई गई मगर 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद इन स्कूलों तक सरकार ने विशेष ध्यान नहीं दिया। ऐसे में ये स्कूल आठवीं तक ही सिमट गए। जब शुरूवात में स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी माध्यम में खोले गए तो 9 वीं से ही स्कूल की शुरूवात की गई। ऐसे में सीबीएसई से आठवीं उत्तीर्ण अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को आसानी से प्रवेश मिल गया मगर आत्मानंद स्कूल में जब पहली से आठवीं तक की भी कक्षाएं संचालित होने लगी तो यहां के विद्यार्थियों को ही 9 वीं में प्रवेश मिलने लगा। ऐसे में पूर्व माध्यमिक इंगलिश मिडियम सीबीएस ई स्कूल डभरा में आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 9 वीं अंग्रेजी माध्यम में भर्ती के लिए भटकना पड़ रहा है। सरकारी स्कूल में ज्यादातर मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय प्रवेश लेते हैं। ऐसे में ये नवमी की पढ़ाई प्राइवेट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में करने सक्षम नहीं हैं। आत्मानंद स्कूलों को छोड़कर अंग्रेजी माध्यम का और कोई हाई या हायर सेकेंडरी स्कूल ब्लाक में संचालित नहीं है। आत्मानंद स्कूल में इन बच्चों की भर्ती हो ही नहीं रही है। जिसके चलते सीबीएसई शासकीय मिडिल स्कूल से आठवीं उत्तीर्ण 24 छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में हैं। शासन की विरोधा भाषी नीति के कारण ये विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम में 9 वीं पढ़ने के लिए

भटक रहे हैं। नगर पंचायत डभरा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चंद्रा के नेतृत्व में पालकों एवं बच्चों द्वारा 18 जून को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम के छात्र-छात्राओं को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल डभरा में कक्षा नवमी में भर्ती लेने का ज्ञापन कलेक्टर के नाम तहसीलदार डभरा एवं प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल को सौंपा गया।

पालकों व छात्र-छात्राओं ने 3 अप्रैल को जिला शिक्षा अधिकारी को इस आशय का ज्ञापन सौंपा था। इसके अलावा एसडीएम व बीईओ कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है मगर इनकी समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। 18 जून को छात्र-छात्राओं व पालकों द्वारा सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि अगर 7 दिन के भीतर उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो वे थाना चौक डभरा में अनशन करेंगे। इस संबंध में नगर पंचायत डभरा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चंद्रा ने कहा कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम में आठवीं के छात्र-छात्राएं 8 वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं जिनकी भर्ती स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल डभरा में नहीं की जा रही है। इसके कारण आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी आगे की शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सभी विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई करने सक्षम नहीं हैं। आठवीं के बाद अगर वे आगे की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में करेंगे तो अब तक की पढ़ाई बेकार जाएगी। ऐसे में उन्हें अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल में प्रवेश की व्यवस्था शासन- प्रशासन को करना चाहिए।

डभरा में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम शासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूल संचालित है। यहां से 8 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी 9 वीं की पढ़ाई आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से करना चाहते हैं मगर वहां सीटें रिक्त नहीं है। इसलिए उनकी भर्ती नहीं हो पा रही है। हमने उच्चाधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। शासन से जो निर्देश मिलेगा उसका पालन किया जाएगा।

श्यामलाल बारे
बीईओ, डभरा ब्लाक

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल डभरा के सभी कक्षाओं में 50-50 सीट उपलब्ध हैं। यह स्कूल पहली से बारहवीं तक संचालित है। हमारे स्कूल में 8 वीं उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को 9 वीं में प्रवेश दिया गया है। इसलिए अब सीट नहीं है।

हेमचरण पटेल
प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डभरा

बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान

सक्ती। सक्ती जिला तो बन गया परंतु कई व्यवस्थाओं में यह शहर ग्राम पंचायत की तरह हो गया है। विद्युत विभाग की स्थिति यहां दयनीय है। बिजली के कभी भी आने-जाने को लेकर लोग काफी परेशान हैं नगर में आए दिन किसी न किसी वजह से बिजली प्रभावित हो रही है। रात को किसी भी समय बिजली चले जाने से लोग परेशान हैं।

एक तो गर्मी की मार ऊपर से बिजली गोल होने से मच्छर और उमस भरी गर्मी लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है।

इस बात की पीड़ा लोग इंटरनेट मीडिया में भी विद्युत विभाग को कोसते हुए व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि लोगों को विभाग के कर्मचारियों से कोई शिकायत नहीं है कर्मचारी तो दिन-रात एक कर अपना काम कर रहे हैं परंतु इस बात को लेकर उनमें आक्रोश है कि आखिर बिजली बार-बार क्यों चली जाती है।

इस बारे में ना तो जवाबदार अधिकारी नागरिकों को समझा पा रहे हैं और ना ही आम नागरिकों को यह कहीं से पता चल पा रहा है कि इसका मुख्य कारण क्या है। नगर में आए दिन कहीं भी तार टूट जा रहा है। तो कभी और अन्य वजह से बिजली चली जा रही है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण इन सब परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है जिसके कारण बार-बार बिजली गोल होने का समस्या आ रही है । शीघ्र ही इस संकट से छुटकारा मिलने की बात वे कह रहे हैं।

कूलर बंद करने गई महिला की करंट से मौत

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में कूलर के करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला कूलर बंद करने बटन दबा रही थी, तभी करंट की चपेट में आ गया। पूरा मामला अकलतरा थाना के पोड़ीदलहा गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक महिला शशि साहू 32 वर्ष की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह शशि साहू (32) सुबह करीबन 7 बजे घर में चल रहे कूलर को बंद करने गई हुई थी। कूलर को बंद करने के दौरान महिला बेहोश होकर गिरी, तो दोबारा नहीं उठी।

परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे हुए थे। जहां डॉक्टर ने जांच बाद मृत घोषित किया है। घटना की जानकारी अकलतरा थाना में दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में इको क्लब समर कैम्प का आयोजन

जाँजगीर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक- 18/06/2024 से 25/06/2024 तक समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सी.बी.एस.ई बोर्ड के आदेशानुसार मिशन लाईफ के लिये इको क्लब के तहत क्रियान्वित कराया जायेगा। यह कार्यक्रम 7 दिवस तक आयोजित कराया जायेगा । प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी। जिसके तहत पहले दिन - स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाएं, दूसरे दिन-स्थायी खाद्य प्रणाली अपनाएं, तीसरे दिन - ई-कचरा कम करें, चौथे दिन - कचरा कम करें, पांचवे दिन- ऊर्जा बचाएँ, छठवे दिन- पानी बचाएँ तथा सातवे दिन- एकल उपयोग प्लास्टिक का निषेध इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया जायेगा। उपरोक्त विषयों में से स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाएँ विषय पर आज दिनांक - 19/06/2024 को आनलाइन मोड पर विद्यार्थियों को संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्थायी खाद्य प्रणाली अपनाएं विषय पर जानकारी प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को टेबल मैनर्स, डाइट चार्ट तैयार करना और खाद्य श्रृंखला संरक्षण जैसी इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी गई। कक्षा पहली से पांचवी के छात्रों को टेबल मैनर्स, कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को डाइट चार्ट तैयार करना तथा कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को खाद्य श्रृंखला संरक्षण के बारे में गतिविधि कराया गया । विद्यार्थियों को बताया गया कि इन सभी अच्छी आदतों के माध्यम से हम अपने जीवन को सुसभ्य बनाकर बदलाव ला सकते हैं । समाज में किस प्रकार से अच्छी आदतों के माध्यम से व्यवहार करना चाहिए तथा लोगों के बीच शिष्टता को परिलक्षित करना चाहिए सीखाया गया । प्रतिदिन विषयवार यह कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा । कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ एवं ग्राउंड लेवल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक संपन्न

जांजगीर-चांपा। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा-06(1) अंतर्गत गठित जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में समिति के सदस्यगण श्रीमती रिशीकान्ता राठौर, श्रीमती नम्रता नामदेव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर (नवा बिहान) उपस्थित थे।

बैठक में समिति के द्वारा प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र में अग्रिम कार्यवाही करते हुए प्रार्थिया के शिकायत आवेदन पत्र का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थिया का शिकायत आवेदन पत्र महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत लैंगिक उत्पीड़न की परिधि में नहीं होने के कारण समिति के सर्वसम्मति से मामला नस्तीबद्ध किया गया। समिति के द्वारा बैठक में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति के बारे में समस्त शासकीय स्कूलों में प्रचार-प्रसार करने एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने हेतु निरीक्षण करने एवं समिति गठन करवाने के संबंध में चर्चा की गई।

सड़क हादसा में 3 लोगों के मौत

जांजगीर चांपा। जिले के ग्राम मेहंदी गांव में तेज रफ्तार सवारी बस ने दो बाइक को जोरदार ठोकर मारी है। हादसे में पति पत्नी और एक युवक की मौत हुई है वही 2 लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हे बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस टीम पहुंची हुई है। मृतक के परिजन मुआवजे कि मांग को लेकर शव को सड़क में रखकर चक्का जाम कर रही है। जिससे बिलासपुर रायगढ़ मुख्य मार्ग बाधित हुआ है। पुलिस टीम तैनात है तनाव की स्थिति निर्मित है।

एबीवीटीपीएस मड़वा में कम्युनिटी हॉल लोकार्पित

जांजगीर। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के सीनियर क्लब परिसर में कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके. कटियार द्वारा किया गया। प्रबंध निदेशक अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन मड़वा विद्युत संयंत्र पहुंचे हुए थे।



कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने प्रबंध निदेशक का आभार जताते हुए कहा कि कम्युनिटी हॉल लोकार्पित होने के साथ ही कॉलोनीवासियों को अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए सहूलियतें होंगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे आज पूरा कर लिया गया है। श्री बंजारा ने प्रबंध निदेशक के समक्ष श्रम कल्याण केंद्र के मरम्मत एवं सुधार का प्रस्ताव रखा, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कटियार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं श्रीमती रूबी श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, भरत गड़पाले, आरके साव और एन. लकरा, अधीक्षण अभियंता वायके. पाटिये समेत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कम्युनिटी हॉल की खासियतें-

कम्युनिटी हॉल 912 वर्गमीटर में बनाया गया है। इसमें वातानुकूलन की सुविधा दी गई है। महिला एवं पुरूषों के लिए दो अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं। एक बड़ा हॉल है, जिसमें करीब 400 कुर्सियां लगाई जा सकेंगी। इसके निर्माण में कुल लागत 1.34 करोड़ की आई है।

सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु कलेक्टर और जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सक्ती। विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री तोपनो ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में रैनखोल निवासी आदिवासी अमित राय, धनी राय, जय सिंह और बीरबल सहित अन्य विभिन्न हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया गया द्य कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा कि सिकल सेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकल सेल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल की जांच के लिए जिले में ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करें। उन्होने सिकल सेल के रोग के लक्षण के बारे में जानकारी दी और लक्षण होने की स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने जिलेवासियों से आग्रह किया।

इसी प्रकार कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार ने कहा कि गाँव-गाँव में आमजन के स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने में मितानिनो का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लोंगों को बताना, समझाना और जागरुक करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। जिसे मितानिनो द्वारा जिले में बेहतर ढंग से किया जा रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश राठौर ने सभी लोंगों को सिकल सेल से बचाव और रोकथाम के लिए जाँच कराने और दूसरों को भी प्रेरित करने कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज सिंह राठौर ने बताया की सक्ती जिले में अब सिकल सेल की दवाए उपलब्ध है। उन्होंने बताया की सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जो की पीढ़ी दर पीढ़ी विस्तारित होती है। उन्होंने बताया की सिकल सेल का अर्थ है हँसिया कार रेड ब्लड सेल हँसियाकार रेड ब्लड सेल महीन रक्त कोशिकाओं को बाधित कर देता है, जिससे सिकल सेल मरीज के तिल्ली में सुजन, तेज दर्द, कोहनी घुटने में दर्द, तेज बुखार के लक्षण आते है। इस बीमारी के रोकथाम हेतु आवश्यक है- जेनेटिक सलाह इसकी मदद से इस बीमारी विस्तार पर अंकुश लगाया जा सकता है। विवाह पूर्व अपना सिकल सेल जेनेटिक सलाह नजदीकी सिकल सेल जांच एवं परामर्श केंद्र में अवश्य कराए द्य उन्होंने बताया कि सीएचसी सक्ती में सिकल सेल जांच एवं परामर्श केंद्र के साथ-साथ रक्त संग्रहण केंद्र संचालित है। जिसका लाभ जिले के नागरिक ले सकते है। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिकल सेल का जाँच भी किया गया द्विविश्व सिकल सेल दिवस पर लोगों को बताया गया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांसिक रोग है। भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घ कालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और उंचाई सामान्य से कम, हांथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द होना इस रोग का लक्षण है।

यदि उक्त लक्षण है तो स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार कि आदतों में संशोधन करें, शांत चित्त रहे एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, विवाह पूर्व सिकल सेल जांच कराएं। अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार लें। तेल और वसायुक्त मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें, अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अमर जांगडे, विभिन्न मितानिन कार्यकर्ता, बी.सी. और विभिन्न हितग्राही उपस्थित थे ।

लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिग आज से

जांजगीर-चांपा। लाईवलीहुड कॉलेज जांजगीर में आज 20 जून 2024 से प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिग का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज जांजगीर-चांपा ने बताया कि जिसमें ट्रासन की योजना मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आजीविका संवर्धन कार्यक्रम अंतगर्त कोर्स इलेक्ट्रीशियन, उन्नत सिलाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर आपरेटर, लाईनमेन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, सोलर टेक्नीशियन, डेकोरेटीव लाईट, सिक्योरिटी गार्ड, कृषि उपकरण मरम्मत, पोल्ट्री, मत्स्य बीज उत्पादन, टेलीकॉम, फूड प्रोसेसिंग व नर्सिंग कोर्स प्रशिक्षण लेने हेतु इच्छुक युवा उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज 10वी, 12वी, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो एवं प्रशिक्षण 27 जून से प्रारंभ होगा।

21 जून को योग दिवस पर ग्रामीणों, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट, ग्राम पंचायतों में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। योग दिवस पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी इसमें सम्मिलित होंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि योग दिवस के आयोजन के संबंध में राज्य स्तर से विस्तृत दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनके तारतम्य में जनपद पंचायतों के आवश्यक गतिविधियों की रूपरेखा प्रेषित की गई है। ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज मुद्राओं का अभ्यास करेंगे।

सरकार चलाने में नाकाम साबित हो रही हैं भाजपा :डॉ रश्मि सिंह

सक्ती। बलौदाबाजार में प्रशासन निर्दोष लोगों पर जुल्म कर रही हैं और साजिश करने वाले आजाद है अनुसूचित जाति के साथ हो रही अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी सकती में भी आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा हैं बेघर किये जा रहा है उक्त विचार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सकती द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना आंदोलन के अवसर पर प्रभारी पूर्व विधायक पूर्व संसदीय सचिव डॉ रश्मि सिंह ने कहि जब समाज द्वारा पूर्व से धरना प्रदर्शन वैध अनुमति से साथ किया जा रहा था तो कलेक्टर एवँ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आग लगाने वाले कौन लोग है किसने लोगों को उकसाने का काम किया उसे जांच किये बिना निर्दोषों को जेल भेज रही हैं गृह मंत्री अपने को बचाने के लिए कलेक्टर एस पी पर कार्यवाही कर रही जबकी गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए कवर्धा में हिंसा करके सत्ता हथियाने वाले कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रहे जैजैपुरविधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति के भाइयों के साथ है हम न्याय मिलने तक संघर्ष करेंगें आज पूरा प्रदेश में आपराधिक घटनाओं से डरा हुआ है धरना आंदोलन में पूर्व विधायक चैन सिह समले

प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण दिगंबर प्रसाद चौबे,कन्हैया कवर कुशल कश्यप, कुसुमलता अजगले परस यादव,टिका राम कुर्रे ने संबोधित किया , धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, महबूब खान, नरेश गेवरडीन,पार्षद ईश्वर लोधी, पिंटू ठाकुर, आनंद अग्रवाल,गिरधर जायसवाल,अधिवक्ता रथ राम पटेल, रामसींजवन देवांगन,संतोष लाला सोनी,सम्मेलाल गबेल,चांदनी सहिस सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खनिज अमले द्वारा अवैध रेत उत्खनन स्थल का किया गया निरीक्षण

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी और उनकी टीम द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन स्थल का मौका निरीक्षण विगत दिवस किया गया। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मौके पर अवैध उत्खनन् क्षेत्र ग्राम अचरितपाली, डोगिंगा व चिखलरौंदा के बोराई नदी एवं ग्राम मिरौंनी के महानदी का स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें उक्त दिनांक (17.06.24) को किसी प्रकार का जेसीबी मशीन एवं चैन माउण्टेन के द्वारा रेत उत्खनन् करते नहीं पाया गया। ग्राम चिखलरौंदा में 2-3 ट्रेक्टर नदी स्थल पर देखा गया परंतु मौके पर वाहन चालक नहीं पाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार खनिज विभाग उड़नदस्ता के द्वारा जिले में निरंतर अभियान चलाया जाकर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए विगत 14 जून को ग्राम डोटमा में 06 ट्रेक्टर में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर जब्त किया जाकर थाना हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरणों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमलो के द्वारा सजगतापूर्वक निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है।

जिला ओलंपिक संघ विश्व ओलम्पिक दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन करेगा, हुई तैयारी

जांजगीर। जिला ओलम्पिक संघ जांजगीर चाम्पा का आवश्यक बैठक 17 जून को नेताजी चौक स्थित सुलतानियाँ चेम्बर में सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 23 जून को विश्व ओलम्पिक दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र चोक जांजगीर से केरा रोड हाँकी चर्च मैदान तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा जिसमे प्रथम स्थान से दसवीं स्थान अर्जित करने वाले महिला/पुरूष धावकों को प्रमाण पत्र एवं स्पेशल गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सभी खेलो के वरिष्ठ एवं वर्तमान में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कोच एवं खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा, बैठक में प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी कार्यकारिणी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ अमर सुलतानियाँ, संयोजक गोपेश्वर कहरा, अध्यक्ष हितेश यादव, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर सहित नेटबॉल संघ के राजेश राठौर, कराटे संघ के रूखमणी रानू, फेंसिंग संघ के खोलबहरा बरेठ, हैमरबॉल से अखिलेश आदित्य,राजीव सिंह, रमेश सोनवानी, बैडमिंटन संघ बृजेश अग्रवाल, फुटबॉल अमितेश राठौर, एथलेटिक्स धर्मेंद्र यादव, बास्केटबॉल सुनील साहू, हैंडबॉल गौरव कुमार, बॉलीबाल भीम प्रसाद श्रीवास,दीपक यादव, हैंडबाल अशोक साहू, एन सी सी दिनेश चतुर्वेदी, विक्की सिंह,राम कुमार सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारि एवं कोच उपस्थित थे ।

अनमोल वचन.....

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं माथे के पसीने में होती है!

सख्त कानून बनाने की तैयारी

मोदी सरकार डीप फेक, गलत सूचनाएं फैलाने या भड़काऊ वीडियो बनाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग रोकने के मद्देनजर सख्त कानून बनाने की तैयारी में है। हालांकि यह सब एकदम से नहीं होने जा रहा। इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन इतना तय है कि सरकार जल्द से जल्द इस बाबत कानून बनाकर लागू करना चाहेगी। चुनाव से पहले भी सरकार ने डिजिटल इंडिया विधेयक का प्रारूप तैयार किया था, लेकिन उस दिशा में आगे काम न हो सका। गलत सूचनाएं फैलाने या लोगों को भड़काने की नीयत से डाले गए वीडियो का असर लोक सभा चुनाव में भी देखने को मिला।

चुनाव से पहले और चुनाव प्रक्रिया के दौरान इंफ्लूएंसर्स और सोशल मीडिया ने आम जन की इस कदर विसनीयता हासिल कर ली थी कि लोग इस मीडिया पर आंख मूंदकर विश्वास करने लगे हैं। मान रहे हैं कि सोशल मीडिया उन्हें गुमराह नहीं होने देगा और जमीनी हकीकत से उनकी वाकफियत बनाए रख सकता है। भाजपा अपने तई पूर्ण बहुमत पाने से चूक गई। उसने अपने सहयोगी दलों के साथ मिल कर गठबंधन सरकार तो बना ली है, लेकिन कहीं-न-कहीं उसे महसूस होता है कि सोशल मीडिया ने प्रोपगेंडा करके उसका खेल बिगाड़ दिया। हालांकि चुनाव से पहले ही वह महसूस करने लगी थी कि सोशल मीडिया लोगों को गुमराह करने के लिए सरकार विरोधी एजेंडा चला रहा है। चुनाव परिणाम देखकर तो उसे तस्दीक ही हो गई कि सोशल मीडिया ने उसकी संभावनाओं पर खासा असर डाला।

डीप फेक के मामले भी एक के बाद एक सामने आए हैं, जिनमें सिने तारिकाओं और अन्य हस्तियों की छवि बिगाड़ने के प्रयास हुए। डीप फेक और भड़काऊ वीडियो के जरिए भ्रामक सूचनाएं फैलाना और एआई का दुरुपयोग से पूरी दुनिया त्रस्त है। अनेक देशों ने इस बाबत कानून भी बनाए हैं। सरकार चाहती है कि उन देशों के अनुभव से भी लाभ लिया जाए ताकि बनाया जाने वाला कानून ज्यादा-से-ज्यादा असरदार हो सके। सरकार को संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी संबंधी प्रावधान को भी ध्यान में रखना होगा क्योंकि सोशल मीडिया और इंफ्लूएंसर इसको ढाल बनाए हुए हैं, लेकिन सरकार इन माध्यमों पर नकेल कसने के लिए सख्त कानून को लेकर संजीदा है।

राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने कार्यों पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

वृष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर पर बातचारण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करनी की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आप किसी काम को यह सोचे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब खुश अदरा बना रहेगा। छोटों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको चहेलरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आप कोई भी अवसर हाथ से ना जाने दें। आपके काम में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अंगन से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपको मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा। परिवार की जरूरतों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की ओर कभी ध्यान देंगे। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात पक्का हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, वाह्य यानि योजना बना सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकाल जाएगा। रोजगार के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपको व्यवहार की तारीफ करेंगे।

तुला राशि-आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में आनन्द मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर या कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो आकनका से आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पाएंगे, लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। आपको अपना काम समय पर पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

वृश्चिक राशि-आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लाएगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देगा। परिवार के कामों लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रांग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा पावरफा होगा। इस राशि के मैनेजर पोंस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ खेलिंग करने मौज आ सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर खुश बदलाव कर सकते हैं।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनाएंगे। इससे आपका रिलेक्स और मजबूत बनेगा। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई प्रोपरटिटी में काम ले सकते हैं। आज आप अपने परिवार के बड़ों में कोई विचार करेंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपको किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका पैकेजिंग जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनी यौन मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नया अनुभव मिलेंगे। काम भी बेहतर ढंग से चलेगा।

मीन राशि-आज का दिन वाद्या में बीत सकता है। ये वाद्या ऑफिस के किसी काम से लिंक्डिड हो सकती है। आज आप खुद मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कांपिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नवाचन आ सकता है। घर के ज्यादातर कार्य पूरा करने में सफल होंगे। छात्रों को आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

भूख, अल्प पोषण से मृत्यु

//भारत डोगरा//

समकालीन दुनिया की एक बड़ी त्रासदी यह है कि पिछले कुछ दशकों में अफ्रीका महाद्वीप में लाखों लोगों की भूख, अल्प पोषण से मृत्यु हुई है। पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग (ब्रंडटलैंड आयोग) ने अनुमान लगाया था कि 1984-87 के बीच अढ़ाई वर्ष में अफ्रीका में इस कारण लगभग दस लाख लोगों की मौत हुई। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार 1984-92 के दौरान अफ्रीका में भूख के कारण बीस से तीस लाख मौतें हुईं। 1984-85 के दौरान केवल इथियोपिया में 3 लाख मौतें अकाल के कारण हुई और मोजाम्बीक में एक लाख मौतें इस कारण हुई। 2011 में सोमालिया में भूख और अकाल से 2 लाख 60 हजार लोगों की मृत्यु हुई।

कई महीनों से भीषण भूख और कुपोषण से पैदा होने वाली कमजोरी, निरंतर राहत का इंतजार, इस सबके बीच भी जगह-जगह हिंसा का तांडव और राहत की उम्मीद टूटना, फिर इस सबके बाद परिवार के एक या अधिक सदस्यों का बिछुड़ना यह स्थिति बेहद दर्दनाक है और यह स्थिति मनुष्य की इतनी तरक्की, प्रकृति पर उसकी विजय और विज्ञान की आश्चर्यजनक उपलब्धियों के बावजूद हमारे सामने है। सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि दुनिया विकास के रास्ते पर आखिर कहां तक पहुंच सकी है, और कहां जा रही है। इस स्थिति का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस बड़ी मानवीय त्रासदी के प्रति विश्व में काफी हद तक संवेदनहीनता बनी हुई है। व्यापक स्तर पर तो यही देखा जा रहा है कि दुनिया के सुख-समृद्धि के इलाकों में भोग-विलास की संस्कृति अफ्रीका के इस संकट से लगभग पूरी तरह बेखबर होकर पहले से भी और आगे बढ़ती जा रही है।

अफ्रीका के एक बड़े क्षेत्र की यह स्थिति कैसे हुई। इसकी शुरुआत तो बहुत पहले ही हो गई थी जब गुलाम व्यापार के अंतर्गत अफ्रीका के बहुत से युवकों को बाहर के देशों में बेचा गया। इस कारण कृषि कार्य के लिए उपलब्ध श्रम-शक्ति में कमी आई और उस पर समुचित ध्यान न दिया जा सका। औपनिवेशिक काल में किसानों और पशुपालकों पर तरह-तरह के कर लगाए गए। इसके लिए उन्हें भूमि की क्षमता से अधिक खेती करनी पड़ी या चरागाहों का अत्यधिक दोहन करना पड़ा। किसानों पर तरह-तरह से दबाव डाला गया कि वे अपनी खाद्य फसलों के स्थान पर उन व्यापारिक फसलों का उत्पादन करें जिन्हें विदेशी शासक अपने कच्चे माल के लिए चाहते थे। अफ्रीका की जलवायु, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यहां कई शताब्दियों के अनुभव के आधार पर कृषि और पशुपालन के अपने ही तरह के तौर-तरीके विकसित किए गए थे।

औपनिवेशिक शासकों को न तो इनकी समझ थी, न इनकी परवाह थी। उनके सामने तो बस अपने हित थे और इनके अनुकूल वे यहां की कृषि और पशुपालन व्यवस्था पर कोई भी बदलाव थोपने में नहीं हिचकते थे। इससे हो रहे नुकसान को अनेक देशों में आजादी के बाद भी नहीं पहचाना गया। विदेशी निवेश और सहायता के नाम पर आई बड़ी-बड़ी कंपनियों ने मनमाने ढंग से भू-उपयोग और फसल-चक्र में परिवर्तन किए। अफ्रीका के कुछ देशों में कुछ बड़ी खाद्य कंपनियों ने अपने व्यापारिक हितों के प्रसार की अच्छी संभावनाएं देखीं। एक ओर तो उन्हें यहां बहुत बड़े पैमाने पर खाली जमीन मिल सकती थी जितनी शायद दुनिया के किसी अन्य भाग में नहीं। दूसरे, इस जमीन का उपयोग यूरोप और पश्चिम एशिया के अधिक क्रय शक्ति वाले बाजार के लिए सब्जियां और फल उगाने के लिए किया जा सकता था, क्योंकि अफ्रीका के इन देशों (जैसे सेनेगल) की दूरी पश्चिम एशिया और यूरोप, दोनों से अधिक नहीं थी।

ऐसी फसलों का भी उत्पादन आरंभ किया गया जो भूमि के अनुकूल नहीं थीं। बड़े बांधों आदि से कई जगह विस्थापन हुआ। इस तरह अफ्रीका की बहुत सी अच्छी जमीन को इन बड़ी कंपनियों ने घेर लिया। इन देशों की सरकारों का अधिक ध्यान इन निर्यात की फसलों के सफल उत्पादन और इन बड़ी प्लांटेशनों की सही देखरेख की ओर चला गया। देश की बहुत सी जमीन और अन्य संसाधन निर्यात फसलों के उत्पादन में लग गए और स्थानीय खाद्य फसलों की ओर कम ध्यान दिया जाने लगा। वन विनाश भी बहुत हुआ। इस विकास की बहुत सी विसंगतियां बाद में अकाल के समय सामने आईं। यह देखा गया कि नई प्लांटेशनों के कारण अनेक घुमंतु पशुपालकों के परंपरागत मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। इन नये बाग-बगीचों के आसपास बड़ी संख्या में ऐसे पशुपालकों की मौत के समाचार मिले।

यह भी देखा गया कि एक ओर जब भूख से इन देशों में हजारों लोग मर रहे थे उसी समय हवाई जहाजों को ताजा सब्जियों और फलों से लाद कर यूरोप के देशों में भेजा जा रहा था। अफ्रीका में भूख के बढ़ते संकट के लिए वहां का अपना अभिजात्य वर्ग भी कोई कम जिम्मेदार नहीं है। औपनिवेशिक समय से ही बाहरी शासकों की देखा-देखी उन्होंने शानो-शौकत की तरह-तरह की गैर-जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं के आयात की आदत बना ली थी, पर इस आयात के लिए विदेशी मुद्रा कहां से मिलती। इसके लिए किसानों पर निर्यात की दृष्टि से उपयोगी फसलों के लिए जोर डाला गया और खाद्य फसलों के उत्पादन की विशेष उपेक्षा हुई। इस कारण सूखे जैसे संकट का सामना करने के लिए अनाज के पर्याप्त भंडार प्रायः यहां जमा नहीं हो सके। कुछ सरकारों ने जरूर अलग नीति अपनाने का प्रयास किया जैसे जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे की सरकार ने और इन प्रयासों के फलस्वरूप उन्हें खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में सफलता भी मिली, पर अधिकतर अन्य देशों की स्थिति निराशाजनक ही रही। यदि अफ्रीका के देशों को अपनी निर्यात फसलों के लिए उचित मूल्य मिलता रहता तो गनीमत थी, पर जैसा कि पिछले अनेक वर्षों में देखा गया है कि कुछ खास मौकों को छोड़कर अफ्रीका के देशों से निर्यात होने वाली निर्यात फसलों के मूल्य की स्थिति अच्छी नहीं रही है। विदेशी मुद्रा कमाने के लिए निर्यात फसलों का बढ़-चढ़ कर उत्पादन करने के बावजूद इन देशों की विदेशी मुद्रा की स्थिति निरंतर बिगड़ती ही गई।

विकसित देशों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के कर्ज का बोझ उन पर बढ़ता गया। उनकी निर्यात आय का बड़ा हिस्सा ऋण की वार्षिक अदायगी में निकल जाने से उन्हें निर्यात फसलों को बढ़ाने के लिए और भी जोर देना पड़ा। ऋणग्रस्तता बढ़ जाने के बाद ऋणदाताओं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने आर्थिक नीति-संबंधी अपनी नीतियां मनवानी भी आरंभ की जिससे सरकारी खर्च में कमी करनी पड़ी और अनेक जरूरी विकास कायरे और राहत कायरे में भी बाधा पड़ी । इसमें संदेह नहीं कि भुखमरी का संकट बढ़ जाने के बाद अनेक विकसित देशों से खाद्यान्न और अन्य सहायता अफ्रीका में भेजी गई है, पर यहां की स्थिति इतनी बिगड़ी, इसमें भी विकसित देशों के शोषण और अपने आर्थिक हित साधने की नीतियों का कम हाथ नहीं है। अफ्रीका के अनेक देशों में आंतरिक कलह, हिंसा की वारदातों और कुछ जगह तो गृहयुद्ध जैसी स्थिति के कारण भी अकाल की स्थिति अधिक विकट हुई है।

तगड़ा घोटाला हुआ

//विनीत नारायण//

जब भी कभी हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सुनते हैं, तो सबके मन में व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठते हैं। इससे पूरी व्यवस्था में फैले हुए भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी खबरें कुछ ज्यादा ही आने लगी हैं। सोचने वाली बात है कि इससे देश के युवाओं पर क्या असर पड़ेगा। महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के मन में इस बात का डर बना रहेगा कि सुखदार परिवारों के बच्चे पैसे के बल पर उनकी मेहनत पर पानी फेर देंगे। मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले के बाद अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 'नीट परीक्षा' में हुए घोटाले पर जो बवाल मचा है, उससे तो यही लगता है कि चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है।

साल 2016 में पहली बार मेडिकल एंट्रेंस के लिए 'नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट' यानी नीट की शुरुआत हुई। पहले तीन वर्षों में इसे सीबीएसई द्वारा संचालित किया गया परंतु साल 2019 से इन इम्तिहानों की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को दी गई। जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गई है। यदि एनटीए की मानें तो 'नीट कटऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढ़ने का मतलब है कि परीक्षा कंपटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया'। परंतु क्या यह बात सही है। गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिले हैं। ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 और 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है। 720 के टोटल मार्क्स से वाली नीट परीक्षा में हर सवाल 4 अंक का होता है। गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटता है। अगर किसी स्टूडेंट ने सभी सवाल सही किए तो उसे 720 में से 720 मिलेंगे। अगर एक सवाल का उत्तर नहीं दिया, तो 716 अंक मिलेंगे। अगर एक सवाल गलत हो गया, तो उसे 715 अंक मिलने चाहिए।लेकिन 718 या 719 किसी भी सूरत में नहीं मिल सकते। जाहिर है कि तगड़ा घोटाला हुआ है। जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा दी उनसे जब यह पूछा गया कि इस बार की परीक्षा कैसी थी। तो उनका जवाब था कि इस बार की परीक्षा काफी कठिन थी, कटऑफ काफी नीचे रहेगी। एनटीए द्वारा एक और स्पष्टीकरण भी दिया गया है जिसके मुताबिक इस बार टॉप करने वाले कई बच्चों को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए हैं। इसका कारण है कि फिजिक्स के एक प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। ऐसा इसलिए है कि फिजिक्स की एक पुरानी किताब, जिसे 2018 में हटा दिया गया था, अभी भी पढ़ी जा रही थी। परंतु यहां सवाल उठता है कि आजकल के युग में जहां सभी युवा एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं, या फिर जहां कोचिंग लेते हैं, वहां पर सबसे संपर्क में रहते हैं। फिर ये कैसे संभव है कि छह साल पुरानी किताब को सही नहीं कराया गया होगा। अगला सवाल यह भी उठता है कि एनटीए द्वारा किस आधार पर ग्रेस मार्क्स दिए गए। जबकि मेडिकल परीक्षाओं में ग्रेस मार्क्स देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार यदि प्रशासनिक लापरवाही के कारण परीक्षार्थी का समय खराब हो तो किन विद्यार्थियों को किन परिस्थितियों में कितने ग्रेस मार्क्स दिया जा सकते हैं। परंतु गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का यहां उल्लेख किया जा रहा है वह कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) के लिए था, उसी आदेश में यह साफ-साफ लिखा है कि यह आदेश मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा परंतु एनटीए ने न जाने किस आधार पर इस आदेश को संज्ञान में लिया और ग्रेस मार्क्स दे दिए। नीट परीक्षा का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है, और अदालत ने नीट परीक्षा करवाने वाली एजेंसी एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।देखना होगा कि ये दोनों कोर्ट में क्या जवाब दाखिल करते हैं। परंतु जिस तरह इस मामले ने तूल पकड़ा है, इस पर राजनीति भी होने लग गई है, इतना ही नहीं जिस तरह एनटीए ने परीक्षा से पहले ही इसके पंजीकरण में ढील बरती है, वह सब भी सवालों के घेरे में है। टॉपर्स की लिस्ट में कम से कम 6 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो एक ही सेंटर के हैं। इस सेंटर को इसलिए भी शक की नजर से देखा जा रहा है कि यहां विद्यार्थी देश के दूसरे कोने से परीक्षा देने आए। बिहार, गुजरात और अन्य राज्यों में नीट परीक्षा के पेपर लीक के मामले भी सामने आए हैं जिन पर जांच चल रही है। सोचने वाली बात है कि देश का भविष्य माने जाने वाले विद्यार्थी, जो आगे चल कर डॉक्टर बनेंगे, यदि इस प्रकार भ्रष्ट तंत्र के चलते किसी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पा भी लेते हैं, तो क्या भविष्य में अच्छे डॉक्टर बन पाएंगे या पैसे के बल पर वहां भी पेपर लीक करवा कर 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की तरह सिर्फ डिग्री ही हासिल करना चाहेंगे चाहे उन्हें कोई ज्ञान हो या न हो। सवाल सिर्फ नीट की परीक्षा का ही नहीं है, पिछले कुछ वर्षों से अनेक प्रांतों में होने वाली सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लगातार घोटाले हो रहे हैं जिनकी खबरें आए दिन मीडिया में प्रकाशित होती रहती हैं। इससे देश के युवाओं में भारी निराशा फैल रही है। नतीजा यह हुआ है कि पिछले 40 बरसों में आज भारत में बेरोजगारी की दर सबसे अधिक हो गई है। एक मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय परिवार के पास अगर खुद की जमीन-जायदाद, खेतीबाड़ी या कोई दुकान न हो तो नौकरी ही एकमात्र आय का सहारा होती है। घर के युवा को मिली नौकरी उसके मां-बाप का बुढ़ापा, बहन-भाई की पढ़ाई और शादी, सबकी जिम्मेदारी संभाल लेती है। पर अगर बरसों की मेहनत के बाद घोटालों के कारण देश के करोड़ों युवा इस तरह बार-बार धोखा खाते रहेंगे तो सोचिए कितने परिवारों का जीवन बर्बाद हो जाएगा। यह बहुत गंभीर विषय है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों को फौरन ध्यान देना चाहिए।

ट्रो के लिए शहर को सजा नही दे सकते

बरसो बाद इंदौर को महसूस हुआ कि उसकी आवाज़ भी हैं। ये शहर, अपनी आवाज बनने के लिए जिन्हें चुनता आया, वे सब बीते कई सालों से मूकबधिर हो चले थे। जनहित से जुड़ा बड़ा से बड़ा मुद्दा हो जाये लेकिन मजाल है कि सत्तारूढ़ दल का कोई बड़ा नेता मुंह खोल दे। बीच शहर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट हो या फिर शहर को शर्मसार करने वाला नाईट लाइफ का जबरिया फैसला...चुनै हुए नेताओ ने सब सिर झुकाकर मंजूर कर लिया। शहर के नेतृव की मूकबधिरता है कि जाने ना नाम ही नही ले रही। हालिया मामला शहर के फार्म हाउस पर बढ़ती ड्रग वाली रेव पार्टियों का हैं। एक भी नेता की आवाज सुनी आपने।

लेकिन सोमवार को शहर में एक आवाज गुंजी, शहरहित में कि मेट्रो के लिए इंदौर को सजा नही देने देंगे। ये आवाज़ सत्ता के गलियारों से अब तक दूर थी। जैसे ही वह सत्ता के केंद्र में आई, जैसे इंदौर व इंदोरियो की आवाज़ लौट आई। कल इसी आवाज ने मेट्रो के उस भूत को फिर से झाड़ पर टांग दिया जो शहर की जीवन रेखा एमजी रोड पर साल-दो साल से मंडरा रहा था। मेट्रो का ये भूत उतारा प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री व पीवर इन्दौरी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने। सालो साल बाद शहर के हितों को लेकर इस तरह का नेतृत्व नजर आया, जिसने इंदौर की चिंता की। अन्यथा शहर अब इस बात का आदि हो चला था कि जो भोपाल तय कर दे, अफसर मंजूर कर ले, वो ही सही। इंदौर को बस मूकदर्शक बनकर देखते रहना हैं। यहां का नेतृत्व मूक बधिर बना हुआ आमजन के साथ मूकदर्शक बना बैठा रहने का आदि हो चला। जनता जरूर विरोध में आवाज मुखर करती रही लेकिन उनकी सुनवाई भी कहा हुई। ये मेट्रो को लेकर सोमवार को जो बाते हुई, वह तो मेट्रो की आमद के साथ ही शहर की फिजाओं में गूंज रही थी।

तस्वीरों की दुनिया

जयपुर के रघु विहार में रिहायशी इलाके में एक गोदाम में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी।

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए सुझाव लेने के लिए नई दिल्ली में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की।

मुरादाबाद में गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए महिलाएं छतरी के नीचे टहलती हुई आइसक्रीम खा रही हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान समर्थकों द्वारा बधाई दी गई।

पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण करीमगंज में एक घर क्षतिग्रस्त हो गया।

हरियाणा की पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ नई दिल्ली में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री सीएम मनोहर लाल खट्टर और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुईं।

नई दिल्ली में नीट परीक्षा परिणामों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आईसा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

रोबोट टैक्स से लेकर पीएलआई स्कीम...बजट 2024 पेश करने से पहले इन विषयों पर किया जा रहा विचार

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को अगले चरण में ले जाने की तैयारी शुरू हो गई है। पहली झलक जुलाई के तीसरे सप्ताह में पेश होने वाले बजट में दिखने जा रही है।बुधवार को बजट के सिलसिले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की जिसमें देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के साथ ग्रेजुएट युवाओं को रोजगार के लायक बनाने के सुझाव दिए गए। सबसे महत्वपूर्ण सुझाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व रोबोट के बढ़ते इस्तेमाल से रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए रोबोट टैक्स लगाने का दिया गया।अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए घरेलू उद्योगों के संरक्षण पर भी जोर दिया गया। अर्थशास्त्रियों के सुझावों पर अमल हुआ तो जल्द ही रोबोट टैक्स लग सकता है जिसे लागू करने के लिए दुनिया के कई अन्य देश भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्री व वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा में यह बात सामने आई कि ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लायक कैसे बनाया जाए। कम पढ़े-लिखे युवा असंगठित सेक्टर में रोजगार के अवसर खोज लेते हैं। ग्रेजुएट युवाओं को रोजगार के लायक बनाने के लिए अप्रेंटिशिप को आकर्षक बनाने की सलाह दी गई।इस

दौरान युवाओं को छात्रवृत्ति दी जा सकती है और उस कुशलता के आधार पर उन्हें नौकरी भी मिल जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में आत्मनिर्भर भारत योजना के दौरान घोषित प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के फायदे को देखते हुए अब एमएसएमई सेक्टर के लिए भी पीएलआई स्कीम लाने पर चर्चा की गई। ताकि अधिक से अधिक छोटे उद्यमी मैन्युफैक्चरिंग के लिए आकर्षित हो सके।सूत्रों के मुताबिक बैठक में यह भी सुझाव आया कि आर्टिफिशियल इंटिलजेंस और रोबोट के इस्तेमाल से रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव की अनदेखी नहीं की जा सकती है।

ऐसे में सरकार को रोबोट टैक्स लगाना चाहिए। एआई के बढ़ते इस्तेमाल से मानव श्रम की कटौती होगी। अर्थशास्त्री एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक अश्विनी महाजन के मुताबिक एआई और रोबोट का संयम व समझदारी से संतुलित इस्तेमाल उपयोग होना चाहिए। इसलिए इसके इस्तेमाल पर रोबोट टैक्स लगाने की बात की जा रही है ताकि रोबोट टैक्स से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल नौकरी खोने वाले श्रमिकों की कुशलता बढ़ाने पर खर्च हो सके और उन्हें फिर से नौकरी मिल सके। अर्थशास्त्रियों ने आगामी बजट में घरेलू उद्योगों के संरक्षण के साथ निजी निवेश को और बढ़ाने के उपाए करने के भी सुझाव दिए। आगामी 25 जून तक वित्त मंत्री एवं उनकी टीम उद्योग, किसान संघ, एमएसएमई, ट्रेड यूनियन के साथ बजट की तैयारी को लेकर चर्चा करेंगी।

किसानों के लिए मोदी सरकार की सौगात 14 खरीफ फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

केंद्र सरकार की प्राथमिकता में किसान हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ मौसम की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी राजग की तीसरी सरकार ने एक दिन पूर्व अपने पहले फैसले पीएम किसान सम्मान निधि के तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि जारी की थी। इसमें धान, कपास एवं दलहन जैसी फसलें भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार देशभर के हमारे किसान भाइयों और बहनों के कल्याण के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी दिशा में कैबिनेट ने वर्ष 2024-25 के लिए सभी प्रमुख खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार प्रतिवर्ष एमएसपी तय करती है। एमएसपी की नई दरें 2024-25 के लिए जारी की गई हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान के एमएसपी में प्रति क्विंटल 117 रुपये वृद्धि गई है। अब किसान अपना धान 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेच सकते हैं। नए एमएसपी पर दो लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।

यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपये ज्यादा होगा। 2004-14 की तुलना करें तो मोदी के कार्यकाल में हर फसल पर ज्यादा खरीद की गई। पैदावार की सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला किया है। वैष्णव ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि की सिफारिश तिलहन एवं दालों के लिए की गई है। धान की फसल का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाया गया है।

क्या विश्व का अगला फ्लैश प्वाइंट होगा तिब्बत, एक चीन नीति को बदल सकता है अमेरिका, भारत की सतर्क नजर

धर्मशाला, 20 जून [एजेंसी]।

कई कूटनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विश्व का अगला फ्लैश प्वाइंट (वैश्विक तनाव का केंद्र) तिब्बत हो सकता है। बुधवार (19 जून) को इसका एक अहम संकेत धर्मशाला से मिला, जहां पहली बार अमेरिकी सांसदों के एक बड़े दल ने तिब्बत से निर्वासित धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की। एक दिन पहले ही चीन ने इस मुलाकात की बेहद कड़े शब्दों में निंदा की थी और अमेरिका को दलाई लामा से अलग रहने को कहा था।इसके बावजूद अमेरिका के सत्ता व विपक्ष के सात प्रमुख सांसदों ने न सिर्फ दलाई लामा से मुलाकात की, बल्कि आजाद तिब्बत की बात भी कही। अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधि (विदेशी मामलों के अध्यक्ष) माइकल मैकोल ने यहां तिब्बत को लेकर अमेरिकी नीति में बदलाव की बात कही और हाल ही में अमेरिकी संसद में पारित रिजाल्व तिब्बत एक्ट की कापी भी पेश की।भारत ने अमेरिकी सांसदों की दलाई लामा से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसकी नजर इस पूरे घटनाक्रम पर है।

वैसे भी अमेरिकी सांसदों के इस दल को धर्मशाला आने की मंजूरी औपचारिक तौर पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने ही दी है। मैकोल, अमेरिकी संसद की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी, भारतीय मूल के सांसद अमी बेरा वाले इस दल ने बुधवार विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की है।बताया जा रहा है कि इसमें द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही तिब्बती शरणार्थियों को लेकर भी बातचीत हुई है।

भारत छोड़ इस मुस्लिम देश में जा सकते हैं हजारों की संख्या में करोड़पति! इस वर्ष चार हजार से अधिक का हो सकता है पलायन

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

करोड़पति भारतीयों का विदेश में बसना अब भारत के लिए चिंता की बात नहीं रही। इसकी वजह यह है कि हर वर्ष जितने अमीर भारतीय देश छोड़ रहे हैं, भारत उससे अधिक संख्या में हाई नेट वर्थ इंडीविजुअल (एचएनआई) पैदा कर रहा है। विश्व में अमीरों के पलायन पर तैयार की गई हेनली और पार्टनर्स की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, अनुमान है कि करीब 4,300 करोड़पति भारतीय इस वर्ष देश छोड़ सकते हैं। इन अमीरों की एक बड़ी संख्या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बस सकती है। पिछले वर्ष 5,100 अमीर भारतीय बाहर बस गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमीर भारतीयों का देश छोड़ना चिंता की बात नहीं है क्योंकि जितनी संख्या में वे भारत छोड़ रहे हैं उससे अधिक संख्या में नए करोड़पति पैदा हो रहे हैं। भारत में 2022 में एचएनआई की संख्या बढ़ कर 7,97,714 हो गई थी। 2021 में एचएनआई की संख्या 7,63,674 थी। इसका मतलब है कि एक वर्ष में एचएनआई की संख्या करीब 34,000 इजाफा हुआ था। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और

उम्मीद है कि करोड़पतियों के पलायन के मामले में भारत चीन और ब्रिटेन के बाद विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने विश्व की सबसे अधिक आबादी वाले देश के के तौर पर चीन को भले ही पीछे छोड़ दिया हो, लेकिन भारत से पलायन करने वाले करोड़पतियों की संख्या चीन से पलायन करने वाले करोड़पतियों की संख्या का तीस प्रतिशत ही है। रिपोर्ट के मुताबिक पलायन करने वाले करोड़पतियों के लिए यूएई पसंदीदा देश है।

यहां शून्य इनकम टैक्स, गोल्डन वीजा, लक्जरी जीवनशैली और रणनीतिक लोकेशन उनको आकर्षित करती है। इन सुविधाओं की वजह से यूएई में इस वर्ष 6,700 नए करोड़पति आ सकते हैं। निजी क्षेत्र के भारतीय बैंक और वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफार्म अपने ग्राहकों को निवेश के बारे में सलाह से जुड़ी सेवाएं देने के लिए यूएई में तेजी से विस्तार कर रही हैं। नुवामा प्राइवेट और एलजीटी वेल्थ मैनेजमेंट इसका ताजा उदाहरण हैं। इसी तरह से दूसरे बैंक भी यूएई में अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहे हैं, जिससे वे भारतीय परिवारों को वेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज मुहैया करा सकें।अमीर परिवार कई वजहों से अपना देश छोड़ कर दूसरे देश में बस जाते हैं। इन वजहों में सुरक्षा, वित्तीय लाभ, टैक्स बेनेफिट, रिटायरमेंट की संभावनाएं, कारोबारी मौके, अनुकूल जीवन शैली, बच्चों के लिए शिक्षा के अवसर, स्वास्थ्य सुविधाएं और जीवन की गुणवत्ता शामिल है।

नीट अभ्यर्थी ने हाईकोर्ट में जमा किए जाली दस्तावेज, प्रियंका ने साझा किया था का वीडियो

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

भाजपा ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में एक नीट अभ्यर्थी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने संबंधी इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से माफी मांगने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।नीट की उक्त अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए थे और अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका परिणाम घोषित करने में विफल रही और उसकी ओएमआर उत्तर-पुस्तिका फटी हुई पाई गई। इस पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि एनटीए उस अभ्यर्थी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती है।इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में एक्स पर इस नीट अभ्यर्थी का वीडियो पोस्ट किया था। इस अभ्यर्थी ने नीट में अपने परिणाम को लेकर कुछ अजीबोगरीब दावे किए थे, जिसमें ओएमआर फटा होना और उसे कम अंक दिया जाना शामिल है।

एक्स पर प्रियंका गांधी वाड्रा की 10 जून की पोस्ट का हवाला देते हुए उन्होंने लिखा, आयुषी पटेल नाम की लड़की ने दावा किया था कि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी और अंक सही नहीं थे। उसने अदालत को भी फर्जी दस्तावेज दिए थे और ओएमआर शीट फटे होने के बारे में झूठे दावे किए थे। भाजपा प्रवक्ता ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा-मैं न केवल प्रियंका गांधी वाड्रा से माफी की मांग करता हूं, बल्कि कानूनी कार्रवाई की भी मांग करता हूं।

इन राज्यों में कांग्रेस का क्यों रहा खराब प्रदर्शन, हार की असली वजह ढूंढेंगे राहुल और खरगे, जांच के लिए गठित की 6 समितियां

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद कुछ राज्यों के निराशाजनक परिणाम के कारण सत्ता की दौड़ से दूर रह गई कांग्रेस ने इन राज्यों में पार्टी के लचर चुनावी प्रदर्शन की पड़ताल के लिए छह अलग-अलग समितियों का गठन कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने नतीजों के तत्काल बाद ही जिन राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है उसकी पड़ताल करने की घोषणा की थी। मध्यप्रदेश में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली है और यहां तीन सदस्यीय पड़ताल समिति महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अगुवाई में गठित किया गया है। इसमें चव्हाण के साथ सांसद सप्तागिरि उलाका और गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस 11 में से केवल एक लोकसभा सीट जीत पायी और यहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के लिए वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी की दो सदस्यीय समिति बनाई गई है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ओडिसा में पार्टी की चुनावी कमजोरी का जायजा लेने का जिम्मा कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ नेता तारिक अनवर को सौंपा है। जबकि दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के नतीजों की समीक्षा एक ही समिति करेगी जिसमें पीएल पुनिया और रजनी पाटिल शामिल की गई हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है मगर पार्टी को वहां केवल नौ सीटें ही लोकसभा में मिल पायी और यहां के नतीजों की समीक्षा के लिए मधुसूदन मिस्त्री, गौरव गोगोई के साथ सांसद हिबी इडेन की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। तेलंगाना में भी कांग्रेस को उम्मीद से कम आठ सीटें मिली और यहां के चुनावी प्रदर्शन की जमीनी पड़ताल के लिए पीजे कुरियन, सांसद रकीबुल हसन और परगट सिंह की समिति पार्टी ने गठित की है।

यूजीसी नेट परीक्षा रद, अब फिर से होगा एग्जाम, CBI करेगी मामले की जांच

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने UGC-NET जून 2024 परीक्षा रद कर दी है। भारत सरकार ने यह निर्णय परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए लिया है। एक दिन पहले ही दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई थी।अब एक नई परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का फैसला लिया गया है।गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिले इनपुट से पता चला है कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। वहीं, पेपर लीक होने की संभावना भी जताई गई है। NEET 2024 आयोजित कराने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने ही यूजीसी नेट परीक्षा 2024 को भी 18 जून 2024 को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित कराया था।

जिसे अब रद कर दिया गया है। यूजीसी नेट 18 जून को देशभर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराया गया था। इसमें 11 लाख से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था। यूजीसी-नेट परीक्षा के जरिये विश्वविद्यालय व कालेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की पात्रता निर्धारित होती है।इसके आधार पर ही उनकी सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति होती है। इस बार इस परीक्षा के जरिये यूजीसी ने पीएचडी में दाखिला देने का फैसला लिया था। एनटीए की परीक्षाओं में एक के बाद गडबड़ी के पीछे वहां चल रही ठेके की व्यवस्था को बड़ी वजह माना जा रहा है।

इटली में भारतीय मजदूर के साथ बर्बरता...खेत में काम करते वक्त कट गया हाथ, मदद के बजाय घर पर अधमरा फेंक कर हो गए फरार

रोम, 20 जून [एजेंसी]।

इटली में काम करने वाले एक भारतीय खेत मजदूर की सड़क दुर्घटना के बाद मौत हो गई। दरअसल, सतनाम सिंह सोमवार को लैटिना में एक खेत पर काम करते समय घायल हो गए थे। रोम के दक्षिण में एक ग्रामीण क्षेत्र है, जहां हजारों भारतीय प्रवासी कामगार रहते हैं। श्रम मंत्री मरीना कैल्डेरोन ने संसद में इस हादसे को लेकर दुख प्रकट किया। श्रम मंत्री ने संसद को बताया कि लैटिना के ग्रामीण क्षेत्र में एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हुए और अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में

छोड़े गए भारतीय कृषि मजदूर की मृत्यु हो गई है। इसमें उनका हाथ भी कट गया था। मंत्री ने इस बर्बरतापूर्ण कृत्य की निंदा की है। मंत्री ने कहा, यह वास्तव में बर्बरता का कृत्य था। उन्होंने कहा कि अधिकारी जांच कर रहे हैं और उम्मीद जताई कि जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाएगा।

फ्लैई सीजीआईएल ट्रेड यूनियन के अनुसार, सिंह, 30 या 31 वर्ष का था और बिना कानूनी कागजात के काम कर रहा था, तभी एक मशीन से उसका हाथ कट गया। सिंह की मदद करने के बजाय वहां मौजूद लोगों ने उसे घर के पास फेंक दिया। मंत्री ने इस स्थिति को हॉरर फिल्म जैसा बताया।सिंह को बाद में एक एयर एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल ले जाया गया।

शिंजियांग में उइगर मुस्लिमों के खिलाफ अत्याचार के बाद चीन की नई चाल, अब इस्लामी टर्म वाले गांवों के नाम में कर रहा बदलाव

न्यूयार्क, 20 जून [एजेंसी]।

चीन शिजियांग में व्यवस्थित ढंग से गांवों के नाम बदलने में लगा है। इन गांवों का अल्पसंख्यक मुस्लिम उइगर समुदाय के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व है।ह्यूमन राइट वाच (एचआरडब्ल्यू) ने बुधवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि उइगर समुदाय से जुड़े इन गावों के नए नाम चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा को प्रदर्शित करने वाले हैं। इसका उद्देश्य उइगर संस्कृति को समूल नष्ट करना है। विकास का नज़ारा देख लीजिए ,सरकार सिर्फ विकास का ढोंग रच रही है-चीन ने शिंजियांग में बदले सैकड़ों गांवों के नाम-न्यूयार्क शहर स्थित अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन के मुख्यालय में कार्यवाहक चीनी निदेशक मया वांग ने कहा कि चीनी प्राधिकरण ने शिंजियांग में सैकड़ों गावों के नाम बदल दिए हैं। चीन सरकार द्वारा इन नामों को बदलने का उद्देश्य उइगरों की संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं को खत्म करना है। ह्यूमन राइट वाच ने नावें के उइगर हेल्प नामक संगठन के साथ मिलकर संयुक्त रूस से किए शोध में इसका पता लगाया है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने 2009 से 2023 के बीच शिंजियांग के इन गांवों के पुराने नामों को वेबसाइट से हटा दिया है। 25 हजार गावों में से लगभग 3,600 गांवों के नामों को इस अवधि में धीरे-धीरे बदल दिया गया। इन बदलावों में इस्लामी टर्म वाले नामों को निशाना बनाया गया है। जैसे-सूफी धार्मिक शिक्षकों के लिए प्रयोग किए जाने वाले होजा, सूफी इमारत के लिए प्रयोग किए जाने वाले हनिका जैसे नाम शामिल हैं। इसी तरह उइगर इतिहास को दर्शाने वाले नामों को लक्षित किया गया है।

कांग्रेस में लौटना चाहता हूं क्योंकि..., पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत का क्यों हुआ टीएमसी से मोहभंग

दिल्ली। देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में फिर से शामिल होने की इच्छा जताई है। साल 2021 में टीएमसी में शामिल हुए अभिजीत मुखर्जी ने टीएमसी के कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि टीएमसी में शामिल होने के बाद मुझे कोई ऐसा काम नहीं मिला। इसलिए मैंने टीएमसी छोड़ने का फैसला कर लिया है। अभिजीत मुखर्जी ने कहा, मैंने सोच लिया कि दिल्ली जाने के बाद मैं कांग्रेस आलाकमान से बात करूंगा। मैंने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस नेताओं से बातचीत की। अगर आलाकमान मुझे तुरंत पार्टी में शामिल करने के लिए कहते हैं तो मैं शामिल हो जाऊंगा। मैं पूरी तरह से स्वतंत्र हूं और मैं कांग्रेस में अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं।

अभिजीत मुखर्जी ने कहा, मैं साल 2019 के में कुछ कारणों की वजह से लोकसभा चुनाव हार गया। हार का कारण कांग्रेस आलाकमान को भी पता है। मुझे मालूम है कि मैं किस वजह से चुनाव हारा, लोकिन वो मैं जोर से नहीं कह पाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि 2.5 साल तक मैंने कांग्रेस द्वारा मुझे जो भी काम दिया गया, उसे पूरा किया। लेकिन उन्होंने मुझे पर्याप्त काम नहीं दिए, चाहे कारण कुछ भी हो।

नए आपराधिक कानूनों पर रोक लगाने के लिए 3695 लोगों ने किए हस्ताक्षर, ये लोग हैं शामिल

नईदिल्ली, 20 जून [एजेंसी]।

नए आपराधिक कानूनों पर रोक लगाने के लिए देश भर के 3,695 नागरिकों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। याचिका में सत्तारुढ़ गठबंधन राजग और विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं से हस्तक्षेप करने और नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को रोकने का आग्रह किया गया है।हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने नए आपराधिक कानूनों को लोकतंत्र विरोधी बताया है। याचिका पर हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख लोगों में तुषार गांधी, तनिका सरकार, हेनरी टीफागने, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर वोम्बटकेरे, तीस्ता सीतलवाड़, कविता श्रीवास्तव और शबनम हाशमी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश और बिहार के मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू एवं नीतीश कुमार तथा राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी को संबोधित यह याचिका विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख लोगों को भेजी गई है। जिन लोगों को यह याचिका भेजी गई है उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं ने नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जेपीसी जांच, कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श और संसद में विस्तृत चर्चा की मांग की है।आपराधिक मामलों में सजा की दर बढ़ाने और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर सही और जल्दी न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को नेशनल फोरेंसिक इनफ्रास्ट्रेक्टर बढ़ाने की योजना को मंजूरी दी है।

सुख-चैन छीन सकती है स्मार्टफोन की लत, शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर



जिस तरह स्मार्टफोन में हम दिन-रात खोए हैं, उससे सेहत को गंभीर और खतरनाक नुकसान पहुंच रहा है. कई रिसर्च में पता चला है कि लगातार फोन का इस्तेमाल या मोबाइल फोन के बिना एक पल भी न रह पाना नोमोफोबिया नाम की बीमारी हो सकती है. यह इतना खतरनाक है कि शरीर को बीमारियों का घर बना सकता है. नामोफोबिया स्मार्टफोन की लत को कहते हैं.

नामोफोबिया की वजह से होने वाली बीमारियां

1. बैक बोन पर असर

यूनाइटेड कायरोप्रेक्टिक एसोसिएशन के अनुसार, लगातार फोन चलाने से कंधे और गर्दन झुक जाते हैं, जिसकी वजह से रीढ़ की हड्डी पर बुरा असर पड़ता है.

2. फेफड़ों की समस्या

लगातार फोन चलाने से गर्दन झुक जातीहै, जिसकी वजह से शरीर को पूरी या गहरी सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. इसका फेफड़ों की सेहत पर असर पड़ता है.

3. टेक्स्ट नेक की प्रॉब्लम

फोन की स्क्रीन पर लगातार नजरें गड़ाए रखने से गर्दन के दर्द होने लगती है. जिसे टेक्स्ट नेक कहते हैं. लगातार टेक्स्ट मैसेज भेजने और वेब ब्राउजिंग करने वालों में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है.

4. कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

अमेरिकी विजन काउंसिल के सर्वे में पाया गया है कि 70त्न लोग स्मार्टफोन की स्क्रीन देखते समय अपनी आंखें सिकोड़ते हैं, जो आगे चलकर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम बन जाता है. इसमें आंखों में सूजन और धुंधला नजर आने की समस्या होती है.

5. किडनी फेल हो सकती है

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में करीब 75त्न लोग अपना स्मार्टफोन बाथरूम में लेकर जाते हैं. जिससे हर 6 में से 1 फोन पर ई-कोलाई बैक्टीरिया मिल सकते हैं. इस बैक्टीरिया से डायरिया फैलने और किडनी फेल होने की आशंका रहती है.

6. नींद की समस्या

दो घंटे तक अगर फेस के सामने स्मार्टफोन की रोशनी पड़ती है तो 22त्न तक मेलाटोनिन कम हो जाता है. जिससे नींद की समस्या शुरू हो जाती है. एक सर्वे में पाया गया है कि स्मार्टफोन के लत की वजह से 12 प्रतिशत लोगों की पर्सनल लाइफ प्रभावित हुई है.

7. कॉन्फिडेंस कम होना

एक सर्वे में 41 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने माना है कि किसी के सामने बेवकूफ लगने से बचने के लिए वे स्मार्टफोन चलाते रहते हैं. ऐसा करने से उनका कॉन्फिडेंस कम हो सकता है. इसलिए इससे बचना चाहिए.

8. बढ़ सकती है चिंता

एक सर्वे में 45 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स ने माना है कि उन्हें फोन खोने या बाकी चीजों की चिंता सताती रहती है. जिससे पता चलता है कि फोन स्ट्रेस को भी बढ़ाने का काम करत रहा है.

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जरुरत से ज्यादा फोन का इस्तेमाल फैमिली और फ्रेंड्स से दूर कर सकता है. इससे सामाजिक छवि भी बिगड़ सकती है.

साड़ी पहन नेपाल की इस हसीना ने दिखाईं कातिलाना अदाएं

नेपाल की मशहूर अदाकारा अदिति बुधाथोकी आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

नेपाली एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका खूबसूरत अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि ना सिर्फ पंजाबी इंडस्ट्री बल्कि भोजपुरी इंडस्ट्री में भी एक्ट्रेस अपने हुस्न का जलवा बिखेर चुकी हैं।

तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है और साथ ही रेड कलर के ब्लाउज से उसे टीमअप किया है।

कानों में झुमकें, माथे में बिंदी और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी हमेशा से ही लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। वो अपनी ब्यूटी से हर किसी का दिल जीत लेती हैं।

अदिति बुधाथोकी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

किल का पहला गाना कावा कावा हुआ रिलीज

करण जौहर पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म किल को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि इसके जरिए छोटे पर्दे के प्रसिद्ध अभिनेता लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने जा रहा हैं।हाल ही में निर्माताओं ने किल का ट्रेलर जारी किया था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।अब फिल्म का पहला गाना कावा कावा रिलीज हो गया है, जिसे सुधीर यदुवंशी, संज वी और शाश्वत सचदेव ने मिलकर गाया है।

कावा कावा गाने के बोल शाश्वत सचदेव ने लिखे हैं। गाने में लक्ष्य का खूंखार अवतार दिख रहा है।करण अपने प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म किल के जरिए लक्ष्य को दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ मिलकर किया है।किल 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म में लक्ष्य धमाकेदार एक्शन करते दिखेंगे।

अब तक आपने लक्ष्य लालवानी को टीवी सीरियल या

एमटीवी के कुछ शोज में देखा होगा. लेकिन फिल्म किल से लक्ष्य का बॉलीवुड डेब्यू हो रहा है और इस फिल्म में उनका खूंखार रूप देखने को मिलेगा. टीजर में तो आपने उनका एक्शन देख ही लिया होगा जिसमें एक्शन के साथ-साथ सस्पेंस और थ्रिलर भी दिख रहा है।

वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का टीजर जारी इस बार आर या पार की होगी लड़ाई

अमेजन प्राइम वीडियो पिछले दो हफ्ते से मिर्जापुर 3 के पोस्टर और वीडियो के जरिए इसकी रिलीज डेट को लेकर लगातार दर्शकों को हिंट दे रहा है। इसी बीच अब मेकर्स ने हाल ही में मिर्जापुर 3 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें पहले के दो सीजन से भी ज्यादा खौफ और भौकाल देखने को मिल रहा है।सामने आए टीजर ने दर्शकों का दिल और दिमाग झकझोर कर रख दिया है। मिर्जापुर 3 के टीजर की शुरुआत जंगल में शेरों की झलकियों से होती है और बैकग्राउंड में बाउजी कुलभूषण खरबंदा की आवाज सुनाई दे रही है। जो सीरीज के सभी स्टारकास्ट की तुलना किसी न किसी जानवर से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। शेर से भिड़ने के लिए इस बार जंगल में जंगली बिल्लियां चालाक लोमड़ियां और तुफानी चीता तैयार है। इन सभी की नजरें मिर्जापुर के सिंहासन पर है। ट्रेलर में अपना दबदबा कायम रखने के लिए कहानी का हर किरदार नए दांव-पेंच लगाता नजर आ रहा है। अब देखने ये दिलचस्प होगा कि जंगली बिल्ली, चालाक लोमड़ी का रास्ता काट पाने में कितनी सफल होंगी, ये देखने के लिए आपको जुलाई तक का इंतजार करना होगा।

कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं तो सावधान हो जाइए, आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती है ये आदत

गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक्स का ट्रेंड बढ़ जाता है. हर कोई दुकान पर कोल्ड ड्रिंक्स लेकर पीना पसंद करता है. अगर आप भी ऐसा करते हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हाल ही में आई एक स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग हफ्ते में दो बार कोल्ड ड्रिंक्स या मीठे पेय पीते हैं उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 50 प्रतिशत तक ज्यादा होता है.

वैज्ञानिकों ने बताया मार्केट में आसानी से उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा और मीठे पेय जैसे ऐडेड शुगर वाले ड्रिंक्स सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसकी थोड़ी सी भी मात्रा भी गंभीर और जानलेवा हो सकती है.

कोल्ड ड्रिंक्स से हार्ट डिजीज का खतरा

एक स्टडी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने पाया कि कम मात्रा में भी मीठे पेय पीना भी बहुत ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. हार्वर्ड के टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में फूड्स और न्यूट्रिशन रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. लोरेना पचेको ने इन ड्रिंक्स के खतरों से आगाह किया है.

1 लाख से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने वाले भी अगर हफ्ते में सिर्फ दो बार मीठे पेय पीते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 15त्न तक ज्यादा होता है. वहीं, जिन पार्टिसिपेंट्स ने हफ्ते में दो बार मीठे पेय लिए और एक्सरसाइज नहीं किया, उनमें हार्ट डिजीज का खतरा 50त्न ज्यादा देखा गया है.

अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि अगर आप किसी रूप में चीनी का ज्यादा सेवन करते हैं, तो सेहत पर गंभीर नुकसान हो सकता है. लिक्विड के रूप में यह ज्यादा हानिकारक हो सकता है. डॉ. लोरेना पचेको के अनुसार, चीनी-मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने से जितना संभव हो उतना बचना चाहिए. इससे दिल की बीमारियां ही नहीं, डायबिटीज, मोटापा और इंफ्लामेशन का रिस्क रहता है.

का कहना है कि हाई ग्लूकोज का लेवल और हाई इंसुलिन की वजह ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचने, डायबिटीज और इसकी जटिलताओं का जोखिम रह सकता है. इंसुलिन प्रतिरोध भी हार्ट डिजीज के लिए एक बड़ा रिस्क रहता है. प्रोफेसर स्टेनली सलाह देते हैं कि मीठी चीजों से, खासकर एडेड शुगर से दूरी बनाकर ही रखना चाहिए,

अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था का पहला गाना तू हुआ रिलीज

अजय देवगन और तबू की ऑनस्क्रीन जोड़ी को फैंस बेहद पंसद करते हैं दोनों ने कई ब्लॉकबस्टर फिलमों में साथ काम किया है. वहीं अब अजय और तबू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'औरों में कहां दम था' साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है. इस मूवी के पोस्टर और ट्रेलर ने पहले ही फिल्म के लिए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाया हुआ है वहीं अब मेकर्स ने आज 'औरों में कहां दम था' का पहला गाना भी रिलीज कर दिया है. गाने में लीड जोड़ी के साथ ही शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर की फ्रेश जोडी नजर आ रही है.

औरों में कहां दम था के मेकर्स ने फाइनली अपकमिंग फिल्म की एल्बम से पहला गाना 'तू होली के रंगों जैसी तू... 'रिवील कर दिया है. इस सॉन्ग को ऑस्कर विनिंग एमएम कीरावनी ने कंपोज किया है और गीत मनोज मुंतशिर के हैं. सुखविंदर सिंह और जावेद अली ने इस ट्रैक को अपनी दमदार आवाज दी है. गाने में शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर के यंग रोमांस की मासूमियत के साथ-साथ

अजय देवगन और तब्बू की केमिस्ट्री कमाल की लग रही है. गाने के एंड में होली का सीन भी है जहां अजय और तब्बू के किरदार एक दूसरे की आंखों खोए हुए नजर आते हैं. औरों में कहां दम था नीरज पांडे द्वारा लिखित और निर्देशित है. एक बयान में, फिल्म मेकर ने तुड गाने के बारे में बात करते हुए कहा, ऐसा कहा जाता है कि प्यार के सात चरण होते हैं. तू एक ऐसा गाना है जो 4 मिनट और 11 सेकंड की ड्यूरेशन में इन सातों के एसेंस को दर्शाता है. बता दें कि औरों में कहां दम था कृष्णा और वसुधा की एपिक लव स्टोरी है. कृष्णा और वसुधा का यंग रोल शांतनु और महेश्वरी में निभाया है. कृष्णा को मर्डर के आरोप में उम्रकैद की सजा मिलती है. 22 साल बाद वो जेल से बाहर निकलता है तो वो वसुधा से मिलता है.उसके बाद क्या-क्या सिचुएशन दोनों को फेस करनी पड़ती है ये फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा. ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. औरों में कहां दम था की स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में अजय देवगन, तबू, शांतनु महेश्वरी, सई मंजरेकर, जिमी शेरगिल ने अहम रोल प्ले किया है.

इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में क्यों डेब्यू कर रही हैं, पश्मीना रोशन ने किया खुलासा

सुपरस्टार ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने इस फिल्म को साइन किया।

इस फिल्म को डायरेक्ट निपुण धर्माधिकारी ने किया है।

पश्मीना ने बताया कि किस वजह से उन्होंने इस फिल्म को हां कहा। उन्होंने कहा, सबसे पहले, ऐसी आइकोनिक फ्रेंचाइजी के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यह एक रोमांटिक फिल्म है और मेरी पसंदीदा शैली रोमांस और रोमांटिक कॉमेडी है।

उन्होंने आगे कहा, यह हमारी जनरेशन के यूथ लव को दिखाता है। इसलिए इस प्रोजेक्ट को करना, कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत ज्यादा कनेक्ट होते हैं। भले ही ऐसी चीजें हमारे लाइफ में न हुई हो, जिनसे हमारा कैरेक्टर गुजरा है। लेकिन यह थीम जुड़ाव महसूस कराता है।

इसे एक बेहतरीन शुरुआत बताते हुए पश्मीना ने कहा, जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ीं, म्यूजिक आया, हमारे साथ बहुत अच्छा ट्रीट किया गया, हमारा बहुत ख्याल रखा गया... यह मेरा डेब्यू है और मुझे लगता है कि यह एकदम सही है... मेरे लिए सब कुछ सही रहा। पश्मीना ने कहा

कि उन्हें कोई...मिल गया के सेट पर सिनेमा के प्रति लगाव अधिक बढ़ा।

पश्मीना ने कहा, मैं और मेरी बहन सुरनिका सेट पर जाते थे, और यह हमारे लिए धरती पर सबसे खुशनुमा जगह हुआ करती थी। हमें ऐसा लगता था कि हमें अब कभी घर वापस जाने के लिए न बोला जाए। यहीं से मैंने सीखा कि मुझे सेट पर रहना अच्छा लगता है। मैंने स्कूल में थिएटर किया था। मेरी एक बहुत अच्छी टीचर मिसेज अमला थीं, जो काम के प्रति इतनी पैशनेट थी कि उन्होंने हममें भी वह पैशन भर दिया। मुझे लगता है कि उस क्लास का हर कोई क्रिएटिव फील्ड में चला गया है, और इसका काफी श्रेय उन्हें जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इन दो उदाहरणों से मुझे पता चला कि परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना कैसा होता है। मुझे हमेशा लगता था कि मैं किसी और चीज से ज्यादा एक कलाकार हूं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा खुशी देती है। पश्मीना ने आगे बताया कि उन्हें अपने बड़े भाई ऋतिक से क्या सलाह मिली है। उन्होंने कहा, एक समय था जब मैं यह तय कर रही थी कि मुझे मार्केटिंग में अपना करियर बनाना चाहिए या नहीं। मैं खुद को लेकर कंफ्यूज थी कि मैं इस फील्ड में रहने के लिए अच्छी हूं या नहीं। उस वक्त, न केवल ऋतिक, बल्कि मेरे परिवार के सभी लोगों ने मुझे सलाह दी कि अगर आप हर दिन अपना मन किसी काम में लगाते हैं और वह काम करते रहते हैं तो आप जो चाहें हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी बात है जिसे मैं सिर्फ फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि जो कुछ भी काम मैं करती हूं, उसके लिए अपनाती हूं। अगर मैं कुछ करना चाहती हूं, तो मैं उसे पूरी लगन से करने की कोशिश करती हूं। मैं अपने गोल तक चलकर या दौड़कर जाऊंगी, अगर मैं दौड़ नहीं सकती, तो मैं रेंगकर जाऊंगी।

अक्षय कुमार की सरफिरा का ट्रेलर रिलीज अभिनेता के जुझारू अंदाज ने जीत लिया दिल

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार इस साल भी अपनी कई फिल्मों से सबका मनोरंजन करने की तैयारी में हैं।आखिरी बार बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर ऑफ के साथ दिखे अक्षय अब अपनी दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज की तैयारियों में जुट गए हैं।जिस दिन से फिल्म का ऐलान हुआ था उसी दिन से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था। यह इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि ट्रेलर ने यूट्यूब पर दस्तक दे दी है। सामने आए सरफिरा के ट्रेलर में अक्षय को एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाते देखा जा रहा है, जो आम लोगों के लिए कम दामों में हवाई यात्रा करना संभव करना चाहता है। वह ऐसा करने के लिए अपनी एयरलाइन शुरू चाहता है।इस संकल्प को पूरा करने के लिए अक्षय को राजनेताओं के ऑफिस में चक्कर काटने से लेकर कई तरह की मुश्किलों का सामना करते दिखाया गया है।अक्षय इस जुझारू किरदार में काफी प्रभावित कर रहे हैं। अक्षय और राधिका मदान अभिनती सरफिरा दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू की आधिकारिक हिंदी रीमेक है।फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा कर रहे हैं। सुधा ने ही सोरारई पोटरू का निर्देशन किया था और उन्हें इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था।

शब्द सामर्थ्य -093

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बादुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली चलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, दबाव। 5. किडनी की आकार का नलीदार पात्र जिसमें लंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणेंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 092 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्रा
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झी	ता	
ख	र			र				म
स्नं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		खा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन की दैनिक कमाई में गिरावट

कार्तिक आर्यन फिल्म चंदू चैंपियन को अपने करियर की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक मानते हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है।चंदू चैंपियन देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। मुरलीकांत की भूमिका में कार्तिक की मेहनत बड़े पर्दे साफ झलकती है।वीकेंड पर बढ़िया कारोबार करने के बाद अब कामकाजी दिनों में चंदू चैंपियन की दैनिक कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चैंपियन ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.25 करोड़ रुपये हो गया है।

सिकलसेल एनिमिया जागरूकता के लिए जिले में हो रहा सरकारी प्रयास, अधिकारियों ने रथ को किया रवाना

सिकल सेल रोग के लक्षण एवं संक्रमण से बचाव की दी गई जानकारी

कोरिया बैकुंठपुर। विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो की उपस्थिति में आज जिला चिकित्सालय में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि यह अभियान 19 जून से 03 जुलाई 2024 तक चलेगा। उन्होंने जिले में सिकल सेल कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को अधिक-से-अधिक लोगों का स्क्रीनिंग किए जाने हेतु इसकी प्लानिंग बनाकर कार्य करने एवं शत-प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने को कहा। सिकल सेल कार्यक्रम द्वारा जागरूकता लाने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विभाग मिलकर काम करेंगे तभी 2047 तक यह अभियान पूरा होगा।

विश्व सिकल सेल दिवस पर लोगों को बताया गया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। सिकल सेल रोग का सबसे आम लक्षण है, हड्डियों, मांसपेशियों, पेट या पीठ में अचानक तेज दर्द महसूस होना। लोगों को अकसर थकान और कमजोरी महसूस होना। सिकल सेल रोग रेड ब्लड सेल्स को नष्ट कर देता है, जिससे एनीमिया रोग होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति को त्वचा में पीलापन, सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने की समस्या हो सकती है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रो में निशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार की आदतों में संशोधन करे, शांत चित रहे एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, नियमित रूप से खेल खेलें, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, विवाह पूर्व सिकल सेल जांच कराएं। अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार लें। तेल और वसायुक्त मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने। इस अवसर पर हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हे सिकल सेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल, शैलेश शिवहरे, भानूपाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती उषा लकड़ा, सिविल सर्जन डॉ. राजेन्द्र बन्सरिया, जिला सिंकल सेल के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक गढ़ेवाल, महिला एवं बाल विकास तथा आदिवासी विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

जिले के 27 हजार 702 किसानों के खातों में 5 करोड़ 67 लाख रुपए हस्तांतरित

कोरिया बैकुंठपुर। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को उत्तरप्रदेष राज्य के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधी योजना की 17वीं किस्त 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया। इसके अंतर्गत कोरिया जिले के कुल 27 हजार 702 किसानों के खातों में 5 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया। कोरिया जिले में प्रधानमंत्री किसान उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। बता दे कि योजना की शुरुआत 24 फरवरी 2019 को हुई थी। इसके तहत केंद्र सरकार की तरफ से देश के पात्र किसानों को 2000- 2000 रुपए की 3 समान किस्तों में साल भर में 6000 रुपये उनके खाते में डाले जाते हैं। देश के किसानों की आर्थिक मदद लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल, लक्ष्मण राजवाड़े, भानूपाल, उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख कमलेश सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ विजय कुमार एवं केशव चंद्र राजहंस, बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखण्ड से हितग्राही किसान उपस्थित थे।

सरकार की रामलला दर्शन योजना से 102 श्रद्धालु लाभान्वित

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिले के 102 श्रद्धालुओं को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद पचायत अध्यक्ष बैकुण्ठपुर श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल ने तीर्थयात्रियों को पुष्प भेंट कर मंगलमय यात्री की शुभकानाएं दी एवं हरी झंडी दिखाकर अभिवकाएं दे लिए रवाना किया। दर्शनार्थी अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन से आस्था स्पेशल विशेष ट्रेन से दोपहर 12:00 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। श्रीरामलला दर्शन हेतु जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर ग्रामीण से 50 एवं सोनहत से 22, नगरपालिका बैकुण्ठपुर से 17, चरचा से 10 एवं 3 अनुरक्षक अधिकारी भेजे गए है। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

बच्ची से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर। एक नाबालिग बच्ची के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग बच्ची के साथ यह घटना 14 जून को घटी है। घर से दुकान जाने के लिए निकली बच्ची वापस घर नहीं लौटी। किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शंका पर परिजनों ने पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की आशंका पर धारा 363 केक तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया था। सोमवार को बच्ची को आरोपी विकास राजवाड़े के घर से बरामद कर लिया गया। जिसमें यह सामने आया कि आरोपी ने बच्ची को बाइक में बिठाकर अपने घर ले गया तथा अनाचार किया। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षा करने के बाद आरोपी के खिलाफ अब अनाचार का भी अपराध दर्ज करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत पृथक से अपराध दर्ज किया गया है।

दीदी नीलम आनंद की 19वीं पुण्यतिथि पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

रामानुजगंज। रामानुजगंज नगर के रिंग रोड में स्थित शिव चर्चा के शेड शिव शिष्य दीदी नीलम आनंद के 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं शिवकर समिति के जिला अध्यक्ष पंचम कुशवाहा के उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के लोग उपस्थित थे सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताएं रास्ते पर चलने का भी संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बाउंड्रीवाल के लिए 2 लाख रुपय,20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि दीदी नीलम आनंद का पूरा जीवन मानवता के भलाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिव को गुरु बनाकर जो सूत्र हम सबको दिए उसका पालन करना चाहिए। मुझे जब-जब मौका मिलता है मैं शिव चर्चा सम्मिलित जरूर होता हु। शिव शिष्य भाइयों के हर सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं इसके पूर्व नगर में शिव चर्चा के लिए चबूतरा का निर्माण कराया गया था। वही आपकी आवश्यकता को देखते हुए यहां पर बाउंड्रीवाल के लिए 2 लाख रुपय, 20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाया जाएंगा। जिला शिव कार्य समिति के अध्यक्ष पंचम कुशवाहा ने कहा कि शिव को गुरु बनाइए, शिव गुरु से दया मांगे, शिव गुरु की चर्चा कीजिए यह सूत्र जो हम सबको शिव शिष्य दीदी नीलम आनंद से प्राप्त हुआ है उसका पालन करना चाहिए। नम: शिवाय मंत्र से गुरु शिव को प्रणाम कीजिए। दीदी नीलम आनंद के पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण एवं भंडारे का विभाजन किया गया वहीं शिव शिष्य परिवार के लोगों के द्वारा वृक्षारोपण करने की अपील सभी से की गई ताकि वातावरण हरा भरा एवं शुद्ध रहे।

ट्रक चालक की लापरवाही से हादसा,पति की मौत,पत्नी घायल

अंबिकापुर। अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोगीबांध के समीप सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा जाने के कारण मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। दुर्घटना में उसकी पत्नी घायल हुई है। घायल महिला को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। जयनगर थाना क्षेत्र के अजबनगर रौंगापारा निवासी रविंद्र राम (55) ,पत्नी फुल सुंदरी के साथ मोटरसाइकिल से पैतृक ग्राम कोरजा नवापारा गया था। मंगलवार की रात वह पत्नी के साथ वापस लौट रहा था। ग्राम जोगी बांध के समय सड़क किनारे एक ट्रक खड़ी थी। चालक उसे सड़क पर लाने का प्रयास कर रहा था। ट्रक चालक की लापरवाही के कारण मोटरसाइकिल की ट्रक से टक्कर हो गई। ट्रक से टकराने के बाद पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। सिर में चोट आने के कारण पति ने घटनास्थल पर एकदम तोड़ दिया।

पुलिस की घेराबंदी देख गांजा लोड लग्जरी वाहन छोड़कर भागे तस्कर

अंबिकापुर। लग्जरी चार पहिया वाहन में गांजा की तस्करी कर रहे आरोपित पुलिस की घेराबंदी देखकर वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीछा भी किया लेकिन वे पकड़ में नहीं आ सके। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें 50 किलो गांजा बरामद हुआ। वाहन के नंबर के आधार पर पुलिस, आरोपितों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। ओडिसा की ओर से गांजा सरगुजा जिले में लाया जा रहा था।

अंबिकापुर की कोतवाली पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली थी कि अर्टिगा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 7587 में गांजा रखकर ब्रिकी करने हेतु रायगढ़ रोड से अंबिकापुर की ओर लाया जा रहा है। पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रायगढ़ मार्ग पर शहर सीमा लुचकी घाट के समीप घेराबंदी की। इसका आभास शायद तस्करों को हो गया।संदिग्ध वाहन चालक दूर में ही कार को छोड़कर मौके से झाड़ियों का सहारा लेकर फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन चालक का पीछा किया गया लेकिन झाड़ियों का सहारा लेते हुए वह भाग निकलने में सफल रहा। वाहन की तलाशी लेने पर कुल 50 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वाहन को भी जब्त किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा हैं। जल्द ही मामले के आरोपित की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, बस स्टैंड प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, आरक्षक दीनदयाल सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे। उत्तर छत्तीसगढ़ में गांजा के वृद्ध की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के

कारण अब इस रास्ते से दूसरे राज्यों के गांजा तस्कर गांजा लाना ले जाना नहीं कर रहे हैं। ओडिसा के गांजा तस्कर अब खुद आगे बढ़कर सप्लाई के धंधे में भी लग गए हैं।इसकी पुष्टि बलरामपुर जिले के वाड़फनगर में गिरफ्तार दो गांजा तस्करों ने की है जो कार से गांजा लेकर डिलीवरी देने सिंगरौली जा रहे थे। पहले यात्री बसों से भी गांजा की तस्करी की जाती थी। अंबिकापुर बस स्टैंड में पिछले डेढ़ वर्ष के भीतर लगभग 20 लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के बाद अब बस से भी गांजा नहीं पहुंच रहा है। गांजा तस्कर किराए की लग्जरी वाहनों का उपयोग गांजा परिवहन के लिए कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा 50 किलो गांजा के साथ जप्त वाहन के भी किराए के होने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि वाहन का नंबर मिल चुका है। वाहन मालिक से पूछताछ में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।इस अवैध धंधे में संलिप्त आरोपित शीघ्र पकड़ में आएंगे।

हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव

रायपुर। तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेसर के बाजार हाट परिसर से थोड़े दूर में हनुमान मंदिर पर असामजिक तत्वों के द्वारा मंदिर के हनुमान जी की मूर्ति को तोड़ कर खंडित कर देने का मामला सामने आया है इसमें ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोपियों कि जल्द गिरफ्तारी की मांग की है घटना की शिकयत तिल्दा स्ऱूरू और नेवरा थाने में की है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गाँव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार घटना 18 जून की शाम का बताया जा रहा है इस मामले को लेकर बुधवार को गाँव में पूजा कर हनुमान जी की नई मूर्ति को स्थापित किया जायेगा।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 2 के पास गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 2 के पास दो व्यक्ति संदिग्ध दिख रहे है।

ट्रेलर चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर। सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर वाहन को चोरी करने वाले आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी हुए ट्रेलर को बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार 17 जून को ट्रेलर वाहन सीजी 13 एए. 9155 के ड्राइवर अनुज कुमार यादव ने पूंजीपथरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जहां उसने बताया कि 17 जून को दोपहर डोंगामहुआ पावर प्लांट में कोयला खाली कर सुबह करीब 8:00 बजे ट्रेलर को सर्विसिंग कराने ओम मोटर गेरवानी लेकर आ रहा था। दोपहर करीब 12:00 बजे सिंघेल गेट तराईमाल के पास ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ी कर वाहन की चाबी गाड़ी में ही छोड़कर दिशा मैदान के लिए गया था । 20-25 मिनट बाद आकर देखा तो ट्रेलर नहीं थी कोई अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गया था । ट्रेलर वाहन के डिक्की में रखे ड्राइवर का आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और नगदी रकम 13,000 रुपए भी अज्ञात चोर ट्रेलर वाहन समेत चोरी कर ले गया था। इधर मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कर चंद घंटों में बेलझरिया निवासी कुलदीप सिंह तक पहुंच गई। जिसे घटना से पहले ट्रेलर के पास देखा गया था। जिसे चोरी कर आरोपी ने सराईपाली जंगल में छिपा कर रखा था। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2650 रुपए नगदी बरामद कर लिया है। पुलिस के जांच में पता चला की आरोपी बीते कुछ दिनों से प्लांट ड्रायवरी का काम करता था, कुछ दिनों से खाली था। जिसके कारण उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बहरहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर वाहन चोरी की त्वरित कार्यवाही में निरी ओक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, विजय एक्का, प्रधान आरक्षक राधेश्याम कमल, आरक्षक बालचंद राव, निर्दोश लकडा, सिकंदर तिर्की की अहम भूमिका रही है।

शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार

रायपुर। नेवरा पुलिस ने एक्टिवा वाहन से अवैध शराब लेकर जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है।

वाहन की टक्कर से चालक की मौत

बिश्रामपुर। बिश्रामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर सीमा से लगे ग्राम अजीरमा के समीप पिकअप की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक ग्राम बड़नीझरिया निवासी विकास पंडो की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक मोटरसाइकिल से अजीरमा की ओर जा रहा था। इस दौरान तेज गति के वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई। सरगुजा जिले के धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम भेसकी में पिकअप की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य युवक घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि धौरपुर के जमडी निवासी सियाराम अपने साथी गोकुल के साथ मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहा था। ग्राम भेस्की के समय पिकअप चालक ने सामने से मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहां सियाराम की मौत हो गई।

पिकअप के खाई में गिरने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के दो जवानों की मौत, घायल जवान व चालक अस्पताल में भर्ती

बलरामपुर। झारखंड की सीमा से लगे बलरामपुर जिले के सामरी-चुनचुना मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप के खाई में गिर जाने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के दो जवानों की मौत हो गई। दुर्घटना में पिकअप का चालक और एक जवान घायल है। इन दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर के मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के आलाधिकारी सामरी पहुंच गए हैं। नक्सल विरोधी अभियान के तहत ड्यूटी के लिए जवान जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल दसवीं बटालियन के तीन जवान पिकअप वाहन से रामचंद्रपुर से चुनचुना पुंदाग जा रहे थे। इसी दौरान भुताही मोड के पास पिकअप चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया। तेज गति की पिकअप सड़क किनारे खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो जवान की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं, एक जवान और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में

भर्ती कराया गया है। दुर्गम क्षेत्र में रात को हादसा होने के कारण बचाव कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हादसे में वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बलरामपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन शैलेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधिकारी जवान घटनास्थल पहुंच गए हैं। अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाने के कारण मृतकों के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों के नक्सल क्षेत्र में पिकअप से जाने को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। खबर है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों की एक टीम तैनात थी। 40 से 50 जवानों के लिए बस की व्यवस्था की गई थी। बस से जवानों को रामचंद्रपुर थाने से नक्सल प्रभावित चुनचुना पुनदाग क्षेत्र के लिए रवाना किया गया था, लेकिन तीन जवान पिकअप से कैसे जा रहे थे इस संबंध में फिलहाल स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। दूरस्थ इलाका होने के कारण अधिकारियों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। बताते चलें कि बलरामपुर जिले का चुनचुन पुंदाग झारखंड के बूढ़ा पहाड़ से लगा हुआ है।पूर्व के वर्षों में यह नक्सली गतिविधियों का बड़ा केंद्र हुआ करता था। अब नक्सली गतिविधियों पर विराम लग चुका है लेकिन पुलिस और सुरक्षा बल के जवान लगातार इस क्षेत्र में मूवमेंट करते हैं ताकि चोरी छिपे नक्सलियों को फिर से आने का मौका ना मिले।

कमलेश्वरपुर थाने के सामने धरने पर बैठे तिब्बती शरणार्थी, मारपीट के आरोपित की गिरफ्तारी की मांग

अंबिकापुर। तिब्बती शरणार्थियों का आरोप है कि राजनैतिक संरक्षण के कारण पुलिस द्वारा आरोपित संतोष यादव की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। हाथों में नारे लिखे तख्तियां लेकर बुधवार की सुबह तिब्बती शरणार्थी सीधे कमलेश्वरपुर थाने के सामने पहुंचे। यहां जमीन पर बैठकर उन्होंने धरना देना शुरू कर दिया है।

टूटी-फूटी हिंदी में तिब्बतियों ने आरोपित संतोष यादव का साथ नहीं देने तथा जब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रखने की मांग की है। उनका कहना है कि बुलंद हौसले के साथ संतोष यादव ने बुजुर्ग को सरेराह डंडे से पीटा और पुलिस उसे फरार बताकर गिरफ्तारी से बच रही है। मैनपाट के ग्राम कुनिया निवासी बुजुर्ग तिब्बती फुरबू (60) बीते 17 जून 2024 की सुबह पांच बजे खेती बाड़ी के लिए ट्रैक्टर चलाने हेतु कुनिया के संगवारी क्लीनिक के पास चालक दलबीर मांझी को बुलाने गया था। साथ मे चालक दलबीर मांझी का भाई नानू भी था। बुजुर्ग तिब्बती ,ट्रेक्टर चालक दलबीर को अपने साथ चलने के लिए बोल ही रहा था। तभी वहां पर आरोपित संतोष यादव आ गया। उसने बुजुर्ग पर आरोप लगाया कि वह एक अन्य तिब्बती पसांग गेलमो का तरफदारी करता है। एसडीएम के सामने गवाही देता है। आरोपित संतोष यादव ने डंडे से बुजुर्ग तिब्बती को पीटने लगा। मारपीट से उसे चोटें आई। संतोष को मारपीट करते देख चालक दलबीर डर से अपने घर के अंदर भाग गया। इसी समय तिब्बती पसांग गेलमो की बेटी तेनजीन यांगछेन सड़क से गुजर रही थी। लड़ाई झगड़ा देखकर वह जोर से चिल्लाई। जब वहां पहुंची तो संतोष यादव ने तेनजीन यांगछेन और उसके घर वालों को भी जान से मारने की धमकी देने लगा और बोला कि मैं मैनपाट में जितने भी तिब्बती शरणार्थी हैं,उनको जीने नहीं दूंगा एक-एक को मैनपाट से बाहर कर दूंगा। तिब्बती शरणार्थी को मारपीट से चोट आई। मारपीट के बाद आरोपित भाग निकला। इस घटना की मुख्य वजह जमीन विवाद बताई जा रही है।

10 करोड़ का स्टील लेकर नहीं किया भुगतान, धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

रायपुर। राजधानी के एक स्टील कारोबारी अनूप अग्रवाल से उधार में 10.17 करोड़ रुपये का स्टील लेकर रकम नहीं देने वाले 5 व्यापारियों के खिलाफ तेलीबांधा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

तेलीबांधा पुलिस थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार मौलश्री विहार निवासी अनूप अग्रवाल (42) सर्वमंगला इंफ्राबिल्ड प्रा.लि. के डायरेक्टर हैं। कंपनी का काम स्टील सामग्री की खरीद-बिक्री का है। पिछले साल कुशल डुडेजा नामक व्यक्ति उनसे कार्यालय में मिलने आया। उसने कहा कि आपकी कंपनी से स्टील सामग्री की आपूर्ति करवाकर कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का बहुत अच्छा प्रस्ताव है। मेरी मध्यस्थता के लिए मुझे लाभांश देना होगा। जिस पर अनूप ने कुशल को बैठक करने को कहा। इसके बाद कुशल डुडेजा और स्टील कारोबारी राजेश शर्मा, राकेश शर्मा, प्रिंस शर्मा की अनूप के साथ बैठक हुई। आरोपित कारोबारियों ने अनूप के साथ बैठक में दावा किया था कि उनके परिवार की छत्तीसगढ़ और हरियाणा के हिसार में स्टील का कारोबार करने वाली कंपनियां और प्लांट हैं। इसलिए काफी बड़ी-बड़ी मात्रा में स्टील सामग्रियों का हमेशा आर्डर रहता है, यदि आपकी कंपनी हमारे बताए अनुसार स्टील सामग्री की आपूर्ति नियमित रूप से करती रही, तो कुछ ही समय में हम लोग आपकी कंपनी के साथ दशभर में कार्य करने के लिए पार्टनरशिप करेंगे। इस दौरान कुशल डुडेजा ने अनूप से फोन पर कुछ व्यक्तियों की बातचीत भी कराई। आरोपी ने यह भी कहा कि स्टील सामग्री का बिल सत्या आयरन एंड स्टील प्रायवेट लिमिटेड, हथखोजा(भिलाई) के नाम से बनेगा।

करंट लगने से महिला की मौत

कोरबा। पोड़ी उपरोड़ा में शीला पटेल 32 वर्ष की करंट के असर से मौत हो गई। आज सुबह वह पटेलपारा स्थित अपने मकान में काम कर रही थी। इसी दरम्यान पावर केबल के संपर्क में आ गई जो खुला हुआ था। मौके पर झटका खाने के साथ महिला गिर पड़ी। इससे वहां कोहराम मच गया। आनन-फानन में महिला को पोड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बांगो पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

युवा कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी

कोरबा। ग्राम कुचैना में बिजली की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। आए दिन बिजली गुल हो जाता है। लोगों को अंधेरे में काफी परेशानइ होती है। जिसको देखते हुए युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान ने विद्युत मंडल को पत्र लिखकर कहा है कि ग्राम कुचैना शहरी क्षेत्र में आता है। पहले इसकी लाइन सुराकछार सबस्टेशन से जुड़ी हुई थी। बाद में इसको बांकी मोंगरा सबस्टेशन से जोड़ दिया गया । तब से कुचैना में बिजली की समस्या बढ़ती जा रही है। आए दिन बिजली गुल होने से बांकी मोंगरा सब स्टेशन का चक्कर लगाना पड़ता है। पहले की भाती कुचैना का सुराकछार सबस्टेशन से जोड़ना उचित रहेगा। ग्राम वासी भी चाहते है कि बिजली की समस्या तत्काल दूर होनी चाहिए।

एमएसपी बढ़ाए जाने का स्वागत

कोरबा। केन्द्र सरकार को कई फसलो की एमएसपी बढ़ाए जाने का भाजपा किसान मोर्चा ने स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर ने कहा है कि एमएसपी बढ़ने से किसानो की आए बढ़ेगी। इसी तरह महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रब पारखी,मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, अभिलाषा वर्मा, रमा मिरी, ने कहा है कि केन्द्र में सरकार ने आते ही किसानो के पक्ष में काम करना शुरू कर दिया है। युवा मोर्चा के प्रीति स्वर्णकार, नरेन्द्र बिझंवार, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, नवीन देवांगन, धनजंय चौहान, दिनेश तिवारी, बिजेश यादव व प्रकाश यादव ने कहा है कि सरकार ने आते ही किसानो के खातों में पैसे डाल दिए यह सरकार किसानों की हितैशी है।

सांसद का महामाला से स्वागत

कोरबा। कल सांसद ज्योत्सना महंत का दीपका में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया । स्नेह भवन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ज्योत्सना मंहत का एसईकेएमसी के कार्यकर्ताओं के द्वारा महामाला से स्वागत किया गया । इस दौरान गोपाल यादव, डोंके मिश्रा, छंद्र राम राठौर,अनिल राठौर,जीवराखन चंद्रा, सतीश सिंह, रसुल अहमद, रामकुमार कौशिक, विजय प्रसाद एलीन एक्का मौजुद थे। कार्यक्रम का संचालन विशाल शुक्ला के द्वारा किया गया। इसके पहले युवा कांग्रेस के रहमान खान, शत्रुधन पटेल ,भरत मिश्रा के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

समस्याओं पर कल होगी चर्चा

कोरबा। एसईसीएल गेवरा में संयुक मोर्चा ने प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था।इन समस्याओं के अलावा सत्यापन की तारीख तय करने के लिए कल संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलायी गई है। जिसमें उड़ रहे धूल से हो रही परेशानी पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा ओटी सहित चिकित्सा सुविधा को लेकर बात रखी जाएगी। बैठक में रेशम लाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर,श्रमिक संगठनों के सदस्यों का सत्यापन की तारिख तय करने के भी कह सकते है। पूरे एसईसीएल में 1 जुलाई से सदस्यों का सत्यापान शुरू हो रहा है।

तीन दिन में बकाया वेतन और बोनस नहीं दिया तो सब स्टेशन को ठप करने तैयार कर्मी

जिले में 250 से ज्यादा कर्मचारियों की है तैनाती

कोरबा। सब स्टेशन के संचालन के काम से जुड़े 250 से ज्यादा कर्मचारियों ने वितरण कंपनी को चेतावनी दी है कि उनसे जुड़े मामलों में गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाए। लंबित 6 महीने का बोनस का भुगतान जल्द नहीं किया जाता है तो वे सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। अधीक्षण अभियंता को इस बारे में पत्र दे दिया गया है।

छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग ठेका कर्मचारी कल्याण संघ ने अधीक्षण अभियंता को समस्याओं की जानकारी दी है। कहा गया है कि कर्मचारियों को पिछले दो महीने का वेतन और 6 महीने का बोनस अप्राप्त है जबकि पिछले 4 माह का इपीएफ और ईएसआई का रूपया भी जमा नहीं किया गया है। 33/11केवी सब स्टेशन ऑपरेट करने वाले कर्मचारियों की शिकायत है कि काफी समय से विलंब से वेतन मिलने का मामला जस की तस है। इसके लिए महाराष्ट्र की जेडीएस कंपनी जिम्मेदार है, जिसे सीएसईबी के द्वारा ठेका दिया गया है। कोरबा जिले के मामले में संबंधित कर्मचारियों का अभी भी दो महीने का वेतन रूका हुआ है। अरसे से इसी प्रकार का रवैया बना हुआ है। कई महीने काम लेकर एक महीने का वेतन देकर चुप कराने की कोशिश

आर्थिक और सामाजिक हितों पर कुठाराघात है। कर्मचारी कल्याण संघ ने कहा है कि उनके वेतन और बोनस का संपूर्ण भुगतान नहीं होने पर सामूहिक अवकाश पर जाना अंतिम विकल्प होगा और इस दौरान कोई काम नहीं होगा। संघ की ओर से उपाध्यक्ष मनहरण तिवारी ने आवेदन दिया है जिसमें कहा गया है कि तीन दिन के भीतर इस कार्यवाही को किया जाए वरना 22 जून से सब स्टेशन संचालन से जुड़ी हुई सेवाएं पूरी तरह से बाधित कर दी जाएंगी। ऐसी स्थिति में ठेकेदार और वितरण कंपनी सीधे तौर पर जिम्मेदार होगी। यह भी कहा गया है कि हर महीने 15 तारीख तक वेतन का भुगतान हो, यह काम करने की मानसिकता बिजली कंपनी और उसके ठेकेदार को बनानी होगी।

गर्मी के साथ मानसून से भी हो सकती है परेशानी

वर्तमान में जिले की जनता भारी गर्मी से ऐसे ही परेशान हैं उपर से मानसून सिर पर है। यानि एक समस्या हल होती भी है तो दूसरी चुनौती परेशान करने के लिए तैयार है। इन सबके बीच लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बिजली की है। पावर सिटी का तमगा कोरबा के पास है लेकिन बड़े हिस्से में जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में अगर नाराज़ कर्मचारी सब स्टेशनों का काम ठप कर देते हैं तो संचालन और संधारण से जुड़ी कितनी दिक्कतें हो सकती है इसकी केवल कल्पना करने से ही सीएसईबी की उलझने बढ़ सकती है।

कोरबा सहित कई जिलों में यही स्थिति

जानकारी मिली है कि महाराष्ट्र की कंपनी जेडीएस ने कोरबा सहित जांजगीर-चांपा, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़ और रायपुर के अलावा कई जिलों में ठेका ले रखा है। करोड़ों का टर्नओवर दिखाकर यह सब काम किया है लेकिन कर्मचारियों का भुगतान कर पाने में उसका पसीना छूट रहा है। जशपुर जिले में तो कर्मचारी 6 महीने से वेतन के लिए तरस रहे हैं। इसकी टोपी उसके सिर वाले अंदाज में काम कर रही कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग भी तेज हो गई है।

ठेका कंपनी को किया निर्देशित

पुणे की कंपनी को सब स्टेशन संचालन का कांट्रेक्ट मिला हुआ है। कर्मचारियों के भुगतान और अन्य सभी मुद्दों की जिम्मेदारी उसकी है। सीएसपीडीसीएल का उस पर नियंत्रण है। हर बार वेतन और बोनस भुगतान के मामले में समस्या क्यों आ रही है, इसके लिए पूछताछ की गई है। कर्मचारी संघ के ज्ञापन के सिलसिले में कंपनी को अवगत कराया गया है और उसे शीघ्र भुगतान करने को कहा गया है। अन्य स्थिति में कांट्रेक्ट बदलने की कार्रवाई की जाएगी।

बुका में कार्यशाला आयोजित की वन विभाग ने

सागौन व नीलगिरी के वृक्षों से होगी

कोरबा। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज एवं एतमानगर के किसान एवं कर्मचारी की उपस्थिति में किसान वृक्ष मित्र योजना का कार्यशाला जलविहार बुका में 19 जून को रखा गया। इसमें केंदई और एतमानगर रेंज के किसानों को रेंजर अभिषेक दुबे एवं देवदत्त खांडे द्वारा क्लोनर नीलगिरी के बारे में चर्चा कर रोपण, खाद, कीटनाशक, पौधा लगाने की विधि एवं अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यशाला में ओरिएंट पेपर मील के तरफ से दिनेश साकेत एवं तकनीकी सहायक विवेक परासर उपस्थित रहे। कार्यशाला में बताया गया कि किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 5 एकड़ तक निःशुल्क पौधा एवं इससे अधिक उपर 50 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जाएगा। कार्यशाला में पौधों के प्रजाति के आधार पर प्रति एकड़ पौधों की संख्या एवं अंतराल की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि क्लोनर नीलगिरी को 900 पौधा प्रति एकड़ लगाना है जबकि टिशु कल्चर सागौन को 250 पौधा प्रति एकड़ रोपित करना है। नीलगिरी का पौधा 4 वर्षों में तथा सागौन का पौधा 12 वर्ष में तैयार होगा, जहां नीलगिरी पौधे का उत्पादन प्रति एकड़ 30 टन होगा वहीं सागौन प्रति पौधा 7.50-10 क्यूबिक फीट होगा। प्रति एकड़ उत्पादन की स्थिति 1500 क्यूबिक होगी। जहां सागौन का बाजार दर 18 हजार प्रति क्यूबिक फीट रहेगा वहीं नीलगिरी का बाजार दर 3000 रुपए प्रति टन होगा। इस तरह जहां नीलगिरी के पौधे लगाने से किसानों को 4 वर्ष पश्चात् प्रति एकड़ 90 हजार लाभ होगा वहीं सागौन पौधे से 12 वर्ष पश्चात् प्रति एकड़ 27 लाख का

कमाई के चक्कर में फिर से बच्चों को चिपकाया मोबाइल से

कोरबा। भले ही शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को 18 जून से बढ़ाकर 26 जून तक के लिए कर दिया है। इसका पालन सरकारी और सभी निजी स्कूलों को करना है। इसके बावजूद कोरबा में बड़े निजी स्कूल अपने द्वारा वसूल की गई अतिरिक्त फीस को वापस करने से बचने के लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास से जोड़े रखे हैं। मोबाइल से चिपकने के चक्कर में छात्रों को समस्याएं हो रही है। उनके परिजन चिंतित हैं।

तमाम तरह के दावों के विपरित शिक्षा विभाग का निजी स्कूलों पर नियंत्रण नहीं रह गया है, सह साफ तौर पर झलक रहा है। मनमानी फीस वसूली को लेकर पहले ही अभिभावकों के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई और रोक लगाने को कहा गया लेकिन हुआ कुछ नहीं। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी मनमानी का दौर जारी रहा। खबर के मुताबिक जिले के अधिकांश बड़े निजी स्कूलों ने छात्रों को एक बार फिर मोबाइल से अटैच कर दिया है। तर्क दिया जा रहा है कि सत्र विलंबित हो रहा है इसलिए ऑनलाइन क्लास से पढ़ाकर बच्चों को ज्ञानी बनाया जा रहा है। जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों को 5 से 6 घंटे मोबाइल से चिपकाए रखना रेटिना और उसक के लिए काफी खतरा है।

शोषण का आरोप लगाकर कांट्रेक्ट वर्कर्स ने खोला मोर्चा, कुसमुंडा में काफी समय से टकराव के हालात

टका सा जवाब दिया सीजीएम ने

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुसमुंडा क्षेत्र में आउट सोर्सिंग पर दिए गए कई कार्यों को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। आए दिन इस चक्कर में टकराव पैदा हो रहा है। एक ट्रांसपोर्ट कंपनी से जुड़े हुए कामगारों ने इस बात को लेकर कामकाज ठप कर दिया कि उन्हें एचपीसी दर पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। और भी समस्याएं यहां बनी हैं। विरोध की जानकारी मिलने पर सीजीएम ने बात जरूर की लेकिन टका सा जवाब देकर औपचारिकता पूरी कर ली।

खबरों में बताया गया कि कुसमुंडा क्षेत्र में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट को कोल डिस्पैच से संबंधित काम मिला हुआ है। उसने टेंडर की प्रक्रिया में हिस्सा लिया था और नियमों के अंतर्गत क्वालीफाई कर लिया। कंपनी ने मौके पर काम करने के लिए उसे वर्क ऑर्डर जारी किया। उक्तानुसार कंपनी ने सेटअप बैठाकर डिस्पैच के काम को शुरू कराया। बताया गया कि यहां के कामगारों से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए काम लिया जा रहा है। सुरक्षा संसाधन देने पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ऐसे में जटिल काम करने के दौरान अनहोनी का डर बना हुआ है। यहां के कामगारों ने कंपनी के रवैये पर विरोध जताने के साथ कामकाज ठप कर दिया। वे इस बात पर भी खफा थे कि एक तो उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है और एचपीसी दर का पालन करने के लिए भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इस कंपनी के कामगरों की शिकायत यह भी है कि कंपनी और प्रबंधन दोनों स्तर पर इस चीज को संज्ञान में लाया गया लेकिन इसे हल्के से लिया गया। उन्होंने बी-फार्म नहीं भराने और कई अन्य बिंदुओं पर भी अपनी आपत्ति जताने के साथ काम करने से हाथ खड़े कर दिए। सीजीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी की गई। जानकारी होने पर अधिकारी बाहर जरूर आए और लोगों से संक्षिप्त बातचीत की। उन्हें सिर्फ इतना कहा गया कि इस मामले को दिखवाया जाएगा, लेकिन कब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया। कामगारों ने कहा कि अगर रवैया नहीं बदला तो लेने के देने पड़ जाएंगे।

सभी कंपनियों का लगभग यही हाल

कोरबा जिले में एसईसीएल के द्वारा 4 क्षेत्रों में कोयला लोडिंग से लेकर डिस्पैच समेत ओवरबर्डन जैसे कार्यों को आउट सोर्सिंग पर दिया गया है। ग्लोबल टेंडर में हिस्सा लेने के साथ अन्य राज्यों की कंपनियों ने सफलता प्राप्त कर काम प्रारंभ किया है। श्रमिकों के नियोजन समेत अपने तरीके से काम लिए जाने को लेकर शिकायतें बढ़ती जा रही है। इससे न केवल गतिरोध पैदा हो रहा है बल्कि कुल मिलाकर एसईसीएल को ही आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

10 दिन में काम पूरा करने की चुनौती

कोरबा। कुसमुंडा फोरलेन के एक हिस्से का काम ले-देकर किया जा रहा है। इस पर भी कई जगह ब्लॉक बचे हैं जिन्हें पूरा करना है। पीडब्ल्यूडी ने जून अंत तक काम को पूरा करने का वादा किया है। जिस रफ्तार से काम चल रहा है ऐसे में चुनौती है कि क्या इतने कम समय में यह सब पूरा हो सकेगा भी।

हरदीबाजार पुलिस ने अवैध शराब के मामले में की कार्रवाई

कोरबा। सभी तरह के अवैध कार्यों पर रोक लगाने का काम कोरबा जिले में जारी है। लगातार इसके लिए कार्रवाई की जा रही है। हरदीबाजार पुलिस ने पास के गांव में दबिश देकर काफी मात्रा में कच्ची शराब जब्त कर ली। संबंधितों पर आबकारी एक्ट का प्रकरण बनाया गया है। बताया गया कि कुछ दिन से इस अड्डे के बारे में जानकारी मिली थी। पुष्टि कराने के बाद यहां कार्रवाई की गई। जबकि कई गांव ऐसे हैं जहां पूर्व में अनहोनी हुई है और वहां कार्रवाई करने से आबकारी अमला काफी हिचकिचाता है।

साहस और पराक्रम की भावना को प्रबल किया छत्रपति शिवाजी

कोरबा। हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव पर शारदा विहार दुर्गा पंडाल-2 में कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रातः परंपरागत रूप से किया गया। अतिथियों ने शिवाजी महाराज सहित संस्थापक व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आज यह आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रांसपोर्ट व्यवसायी आर.पी.तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हिंदुओं को एकजुट करने का काम अतीत में हुआ है और इसके कई उदाहरण हमारे सामने आते हैं। समय के साथ कई प्रकार के परिवर्तन हुए। जिस प्रकार की परिस्थितियां दिखाई दे रही है, इस दौर में संगठन शक्ति को बढ़ाना जरूरी है। मुख्य वक्ता मनोज वैष्णव ने अपने संबोधन में

कहा कि छत्रपति शिवाजी ने चार दशक से भी कम के कुल जीवनकाल में अकबर को तीन बार हराया। जबकि मुगलों के खिलाफ उनकी काफी लड़ाईयां लड़ीं, अनेक किलों को जीतने का काम किया। अपनी मां के अपमान का बदला लेने का काम भी शिवाजी ने किया। शौर्य और साहस की भावना को कैसे प्रबल किया जाता है यह उन्होंने अपने पराक्रम से दिखाया। कार्यक्रम में काफी स्वयंसेवक उपस्थित थे। संचालन दीपक मुखर्जी कार्यवाह

मल्दा और छुरी में रेड, दो लोगों से मिली शराब

कोरबा। कटघोरा पुलिस ने दो गांव से मिली सूचना पर एक्शन लेते हुए रेड कार्रवाई की। इन मामलों में दो लोगों से 47 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। उनके विरूद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि मल्दा निवासी सूरज के पास से 15 लीटर और छुरी निवासी रामू यादव के कब्जे से 32 लीटर शराब पाई गई। ये लोग अवैध कारोबार को बढ़ावा देने में लगे थे। स्थानीय लोगों ने वातावरण खराब होने पर नाराजगी जताई। कहा गया कि इस करतूत के चक्कर में यहां की स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। पुलिस ने संज्ञान लेने के साथ इन स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। कुल 47 लीटर शराब जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि जिस इलाके से भी इस प्रकार की सूचनाएं हमारे पास पहुंचेंगी, उनमें शीघ्रता से कार्रवाई की जाएगी। याद रहे सलोरा क्षेत्र के नजदीक पतरापाली गांव की पहचान अवैध शराब को लेकर काफी समय से बनी हुई है। पिछले वर्ष यहां एक सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने छापा की कार्रवाई की थी तब दोषियों को बचाने के लिए वहां की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया था। इस दौरान आबकारी टीम को बंधक बनाने की कोशिश की गई थी जिसे बाद में कटघोरा पुलिस ने मुक्त कराया।

***कोरबा।**क्रांतिकारी विचारों के लिए पहचाने जाने वाले सद्गुरू कबीर दास की जयंती 22 जून को मनाई जाएगी। इसके लिए

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com